सुविचार
किस्मत के पन्ने वही पलटता है, जो दिन रात मेहनत करता है!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-14 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 10 मई 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## मध्यप्रदेश में कृषि भूमि अन्तरण के नियम और अधिकार क्या है जानिए/transfer rights....

हर व्यक्ति को अपनी भूमि को विक्रय करने का अधिकार होता है वह अपनी भूमि किसी को भी नामांतरण करवा सकता है। मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता,1959 की धारा 165 में कहा गया है की कोई भी भूस्वामी अपनी भूमि चाहे वह पट्टे के अधीन हो उसे अन्तरण करने का अधिकार रखता है। लेकिन कुछ ऐसी शर्ते भी है जिसको उल्लंघन करके किसी कृषि भूमि का नामांतरण नहीं किया जा सकता है जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता,1959 की धारा 165 की उपधारा 2 की परिभाषाः** (क) भूमिस्वामी द्वारा किसी भूमि का कोई बंधक होने पर तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि कम से कम पाँच एकड़ सिंचाई भूमि या दस एकड़ सुखी भूमि किसी भार से मुक्त उसके पास न बचे।

**(ख).** भूमिस्वामी द्वारा किसी भी भूमि का कोई भोगबन्धक इसके पश्चात विधि मान्य नहीं होगा।यदि वह छः वर्ष की कालावधि के लिए हो।

**(ग).** बंधक भूमि का कोई भी कब्जा बन्धकदार बन्धन की कालावधि के छः वर्ष आवासन के जाने के पश्चात भूमि का कब्जा नहीं सौपेगा तहसीलदार द्वारा बंधककर्ता को उस भूमि का कब्जा दिलाया जाएगा। सामान्य शब्दों में कहे तो किसी भी किसान को बैक से कृषि भूमि को गिरवी रखकर कृषि ऋण लेने का अधिकार है और उसके बदले में वह बैक में भूमि को बंधक के रूप में रख देता है। बंधक भूमि तब तक किसी व्यक्ति को नामांतरण नहीं की जा सकती है जब तक वह बंधक मुक्त नहीं हो जाती है। उपर्युक्त धारा साधारण शब्दों में यही कहती है कि कोई भूमिस्वामी बंधक संपत्ति का अन्तरण नहीं कर सकता है।

## क्या है आवश्यक वस्तु अधिनियम,1955 जानिए/Essential Commodities Act...

आवश्यक वस्तु अधिनियम,1955 यह कानून केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 1955 में बनाया गया था इसका प्रमुख उद्देश्य यह था की आम जनता को आवश्यक वस्तु सरकार के नियंत्रण के द्वारा उपलब्ध हो जिससे की आम जनता को महगाई का बोझ न उठाना पड़े और नियंत्रण कीमत में आम नागरिकों को आवश्यक वस्तु उपलब्ध होती रहे।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**सरकार द्वारा वह वस्तु जो आवश्यक वस्तु के अंतर्गत आती है-** उक्त अधिनियम की धारा 03 के अनुसार सरकार निम्न आवश्यक वस्तुओं की विक्री की कीमतों पर कंट्रोल कर सकती है एवं इनकी विक्री के लिए लाइसेंस दे सकती है जैसे पेट्रोलियम प्रोडक्ट के अंतर्गत डीजल,प्रेट्रोल, कच्चा तेल आदि, खाद्द पदार्थ के अंतर्गत दाल सभी, खाने का तेल, शक्कर, आटा, आदि एवं अन्य क्षेत्रों में कॉटन, रेशम, सूती वस्त्र, कपड़े आदि हैं।

**नोट-** कोरोना के समय में माक्स, सेनिटाइजर को भी आवश्यक वस्तु की श्रेणी में रखा गया था। अगर कोई व्यक्ति आवश्यक वस्तु जो जनता के उपयोग के लिए वर्तमान मे अतिआवश्यक है उसकी कालाबाजारी करता है या जमाखोरी करता है, या सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये में बेचता तो इसकी शिकायत उपभोक्ता फोरम, केन्द्र या राज्य सरकार के संबंधित कार्यालय में की जा सकती है। इसके लिए अधिनियम की धारा 07 दोषी व्यक्ति को अधिकतम सात वर्षों की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित भी किया जा सकता है या अधिनियम की धारा 06 के अनुसार लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है।

# मालवा-निमाड़ अंचल में राहुल गांधी की लोकप्रियता का ग्राफ तय करेगा आदिवासी वर्ग

**भोपाल।** मालवा-निमाड़ अंचल की आठ लोकसभा सीटों पर आदिवासी वर्ग को साधने के लिए कांग्रेस के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने रतलाम और खरगोन में सभा की। वह यहां की चुनावी हवा का रुख अपनी तरफ कितना कर पाए, यह तो चुनाव परिणामों आने पर पता चलेगा। इस अंचल की आठ सीटों में रतलाम, धार और खरगोन अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए सुरक्षित हैं। भारत जोड़ो यात्रा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बाद तीसरी बार राहुल इस अंचल में आए। दरअसल, पार्टी को विधानसभा चुनाव में आदिवासी मतदाताओं का साथ मिला था, जिसके कारण कांग्रेस का इस अंचल से उम्मीद भी अधिक है। उधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सात मई को खरगोन और धार में सभा कर पूरे अंचल के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया।

मालवा-निमाड़ अंचल में आदिवासी मतदाताओं की निर्णायक भूमिका रही है। यहां की 64 विधानसभा सीटों में से 22 आदिवासी वर्ग के लिए सुरक्षित हैं। धार, खरगोन और रतलाम लोकसभा क्षेत्रों में आदिवासी मतदाताओं का रुझान ही परिणाम भी तय करता है। इसे ध्यान में रखते हुए विधानसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा



मालवा-निमाड़ अंचल के बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, इंदौर, उज्जैन और आगर मालवा से गुजरी थी। इनके अंतर्गत आने वाले 21 विधानसभा क्षेत्रों से यह निकली, जिसमें से 17 पर भाजपा ने जीत दर्ज की। हालांकि, अंचल की 22 आदिवासी वर्ग के लिए सुरक्षित सीटों को देखें तो यहां कांग्रेस ने बढ़त बनाई। भाजपा को नौ, कांग्रेस को 12 और एक सीट भारत आदिवासी पार्टी को मिली थी। इसे ध्यान में रखते हुए राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मार्ग निर्धारित किया गया। इसमें मालवा-निमाड़ की देवास, उज्जैन, धार और रतलाम लोकसभा सीट से यह गुजरी। इस दौरान शाजापुर, देवास, उज्जैन, धार और रतलाम में राहुल गांधी ने नुक्कड़ सभा, रोड शो किए। धार के बदनावर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी सभा की। चौथे चरण के चुनाव वाली सीटों में से रतलाम के जोबट और खरगोन के सैगांव में उन्होंने सभा कर आदिवासियों को संदेश देने का काम किया। उधर, भाजपा भी मालवा-निमाड़ की सभी आठ सीटों पर अपना कब्जा बरकरार रखने के लिए कोई कमी नहीं रख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धार और खरगोन में सभा कर चुके हैं तो मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समेत सभी वरिष्ठ नेता मोर्चा संभाल रहे हैं।

### नए चेहरों पर लगाया दांव

प्रत्याशी चयन में भी पार्टी ने नए चेहरों पर दांव लगाया। खरगोन से पोरलाल खरते और धार से राधेश्याम मुवेल को प्रत्याशी बनाया। रतलाम सीट से स्थानीय समीकरणों को देखते हुए रतलाम सीट से पार्टी ने अपने कद्दावर आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया को मैदान में उतारा।

## शौर्य स्मारक में सैन्य फिल्म प्रदर्शन

**भोपाल।** शहर में कलात्मक, सांस्कृतिक, सामाजिक, खेल, धार्मिक आदि गतिविधियों का सिलसिला निरंतर चलता रहता है। शुक्रवार 10 मई को भी शहर में ऐसी अनेक गतिविधियों का आयोजन होने जा रहा है, जिनका आप आनंद उठा सकते हैं। यहां हम कुछ ऐसे ही चुनींदा कार्यक्रमों की जानकारी पेश कर रहे हैं, जिसे पढ़कर आपको अपनी दिन की कार्ययोजना बनाने में आसानी होगी।

**माह का प्रादर्श** - इंदिरा गांधी राष्टीय मानव संग्रहालय में माह का प्रादर्श श्रंखला के तहत इस माह गोंड समुदाय में विवाह समारोह के दौरान आंगन में बने मड़वा (विवाह मंडप) के नीचे स्थापित किया जाने वाला मगरोही- एक विवाह स्तंभ को प्रदर्शित किया जा रहा है।

# खराब नोट एक्सचेंज करने वाले व्यापारी के घर छापा, बड़ी मात्रा में मिली नकदी

**भोपाल।** शहर के अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में स्थित पंतनगर इलाके में रहने वाले 38 वर्षीय कटे-फटे नोट बदलने वाले कारोबारी कैलाश खत्री के निवास पर पुलिस ने गुरुवार रात छापामार कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि आचार संहिता के दौरान व्यापारी के घर लाखों रुपए की नकद राशि रखी हुई है, जिसका वितरण होना है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी प्रियंका शुक्ला अनेक पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचीं। कटे-फटे नोट बदलने वाले कारोबारी कैलाश खत्री ने कार्रवाई के दौरान रिजर्व बैंक आफ इंडिया का अनुमति पत्र दिखाया, जिसमें उन्हें नोट एक्सचेंज करने के लिए अधिकार दिया हुआ था। पुलिस को आशंका है कि व्यापारी हवाला कारोबार में लिप्त है।



### पलंग में रखे थे नोट

व्यापारी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह कटे-फटे नोट एक्सचेंज करने के बाद इन्हें पंजाब नेशनल बैंक में जमा करता आ रहा था। खराब या कटे-फटे नोट एक्सचेंज करने के ऐवज में वह कमीशन लिया करता था। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में नकद धनराशि बरामद की। पलंग के बाक्स में ये नोट रखे गए थे। इनमें नए नोटों के अलावा पुराने कटे-फटे नोट भी शामिल हैं। पुलिस को एक रुपए से लेकर पांच सौ रुपए तक के नोट की गड्डियां मिली हैं। पुलिस ने नकद राशि गिनने के बाद दस्तावेज की जांच के लिए संबंधित वित्तीय संस्थानों से सूचना मांगी है। गुरुवार को कार्रवाई देर रात तक जारी रही। शुक्रवार को इस मामले में संबंधित वित्तीय संस्थाओं की रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा।

## भोपाल में विधायक आरिफ मसूद पर बच्चे से मतदान कराने का आरोप

**भोपाल।** भोपाल के मध्य विधानसभा क्षेत्र से विधायक आरिफ मसूद पर मंगलवार 07 मई को लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतदान के दौरान बच्चे से वोटिंग कराने का आरोप लगा है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शमशुल हसन ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को शिकायती आवेदन देते हुए आरोप लगाए हैं कि उत्तर विस क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 72 पर आरिफ मसूद परिवार के साथ पहुंचे थे। उनके साथ उनका नाबालिग बेटा भी था। यहां बच्चे ने वोट भी डाला और उसका फोटो व वीडियो इंटरनेट मीडिया पर अपलोड भी किया गया, जो गंभीर अपराध है। ऐसे में फर्जी वोटिंग के लिए अधिकारी, कर्मचारी, बीएलओ, एजेंट



और विधायक पर कार्रवाई की जानी चाहिए। शिकायत पर अनुपम राजन ने जांच के लिए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर ने जांच एसडीएम विनोद सोनकिया को सौंपी है। अब विधायक सहित केंद्र पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों से पूछताछ की जाएगी। इधर, इस मामले में विधायक आरिफ मसूद ने कुछ भी कहने से इन्कार किया है।

# बैतूल जिले के चार मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान दो घंटे में 20 प्रतिशत से अधिक मतदान

**बैतूल।** बैतूल संसदीय क्षेत्र के चार मतदान केंद्रों पर शुक्रवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। मतदान केंद्रों पर मतदाता बड़े उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बैतूल संसदीय क्षेत्र के मुलताई विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों राजापुर-275, डूडर रैय्यत-276, कुंदा रैय्यत-279 एवं चिखलीमाल-280 की ईवीएम, वीवीपैट और अन्य सामग्री बस में आग लगने से जल गई थी। चार केंद्रों पर आरंभिक दो घंटे में 20 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका है। चुनाव आयोग ने इन केंद्रों पर 10 मई को पुनर्मतदान कराने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को सभी चार केंद्रों पर मतदान दल पहुंच गए थे और सुबह मॉक में पोल कराने के बाद सुबह सात बजे से मतदान प्रारंभ कर दिया गया है। मतदान केंद्र क्रमांक 275 रजापुर रैयत में कुल 1039, मतदान केंद्र क्रमांक 276 डूडर रैयत में कुल 603, मतदान केंद्र क्रमांक 279 कुंदा रैयत में 727 और मतदान केंद्र




क्रमांक 280 चिखली माल में कुल 668 मतदाता हैं। मंगलवार रात्रि में मतदान संपन्न कराने के बाद मतदान दल जिस बस से लौट रहे थे उसमें आग लग जाने से चार मतदान केंद्रों की मतदान सामग्री जलकर खाक हो गई थी। इसकी वजह से 10 मई को चार केंद्रों पर पुनर्मतदान कराया जा रहा है। मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान दलों को दो बसों के माध्यम से चार मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में बैतूल संसदीय क्षेत्र के मुलताई विधानसभा के अंतर्गत चार मतदान केंद्रों रजापुर-275, डूडर रैयत-276, कुंदा रैयत-279 एवं चिखलीमाल-280 पर सुबह सात से मतदान आरंभ हो गया है। शाम छह बजे तक पुनर्मतदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सात मई को हुए मतदान से लौटते समय बस में आग लग से इन केंद्रों की ईवीएम क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जिला निर्वाचन अधिकारी के प्रतिवेदन पर भारत निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुनर्मतदान के निर्देश दिए थे। गुरुवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल गंज से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने पंजीकृत राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खुलवा कर ईवीएम मशीनों को मतदान दलों को वितरण के लिए निकलवाया गया।

# मतदान केंद्र क्रमांक 228 सुल्तानपुर के बी एल ओ ने मतदाताओं का जताया आभार

## लोकसभा चुनाव में हुआ 72 % मतदान

**संभागीय संवाददाता हेमंत शाक्य**

सुल्तानपुर। विदिशा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन तृतीय चरण के मतदान प्रक्रिया में मुख्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अरविंद दुबे जी एवं उप रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री मनीष शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में तपती दुपहरी में घर-घर जाकर लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बी एल ओ सुशील शर्मा द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें घर-घर जाकर मतदाताओं को पर्ची का वितरण किया गया एवं उन्हें मतदान करने के लिए आमंत्रित किया गया बी एल ओ सुशील शर्मा द्वारा विभिन्न प्रकार के नवाचार किए गए शहर से बाहर रह रहे मतदाताओं को भी फोन लगाकर मतदान करने के लिए बुलाया गया लोकसभा निर्वाचन मतदान केंद्र क्रमांक 228 सुल्तानपुर में मतदाताओं के द्वारा 72 प्रतिशत मतदान किया गया जिसमें दिव्यांग जनों के द्वारा भी मतदान केंद्र पर जाकर वोट डाला गया बी एल ओ सुशील शर्मा द्वारा मतदाताओं की



सहभागिता करने पर एवं शांति पूर्ण मतदान संपन्न होने पर सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया है एवं अपने वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई है।

# रायसेन जिले में हुई बिन मौसम बरसात



## सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्य

रायसेन। संपूर्ण जिले में पिछले दिनों से कहीं तेज बरसात हो रही हैं तो कहीं गिरे ओले तो ओर भी अन्य स्थानों पर हुई रिमझिम बारिश। ग्रीष्म कालीन ऋतु में दिन भर तपती धूप और रात में ठंडा मौसम अब बारिश की रही कमी तो वह भी हुई पूरी। तीनों मौसम एक ही मौसम में।

# डोला नगर इंटक कमेटी के अध्यक्ष बने बिजेन्द्र मिश्रा ऊॅर्फ पकंज

## कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)



**अनूपपुर।** जिले में मजदूरों का नेतृत्व कैसे बढ़े इस पर इंटक अपना पुरा ध्यान आकृष्ठ कर रखा है । इसी परिपेक्ष्य में एक मजबूत मजदूर संगठन इंटक अब उद्योग से बाहर निकल कर ग्रामिण व नगरीय क्षेत्रों में अपना रूझान करते हुये अनूपपुर जिले कोयलांचल नगरी डोला नगर परिषद में मजदूरों के हीत में काम करने के लिये अपने कार्यकर्त्ता की टीम तैयार कर उसका कमान नगर इंटक कमेटी अध्यक्ष बिजेन्द्र मिश्रा को सौपा है प्राप्त जानकारी के मुताबिक राष्टीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के राष्टीय अध्यक्ष माननीय डॉ.जी. संजीवा रेड्डी जी के मंशानुसार एवं मध्यप्रदेश इंटक के अध्यक्ष माननीय श्री आर.डी. त्रिपाठी जी के निर्देशानुसार अनूपपुर जिला इंटक अध्यक्ष बालेन्द्र सिंह परिहार के अनुशंसा पर मध्यप्रदेश इंटक के सचिव विक्रमा सिंह ने बिजेन्द्र मिश्रा ऊॅर्फ पकंज को डोला नगर परिषद में नगर इंटक कमेटी का अध्यक्ष नियुक्ति किया । साथ ही डोला नगर परिषद कमेटी का विस्तार भी कर दिया । जिसमें उपाध्यक्ष पद पर - नानसाय विश्वकर्मा, ज्ञानचन्द खरवार, नीलेश कटारे, बृजनन्दन वर्मा और महामंत्री पद पर राहुल सिंह चंदेल, विनय शंकर दुबे, रामजीआवन ऊॅर्फ मंजू मिस्त्री, कुंजन प्रसाद वर्मा कोषाध्यक्ष पद पर - जगदीष खरवार, वही सचिव पद पर - दीपक पनिका, राजदेव टप्पो, अभिषेक सिंह, दमन विश्वकर्मा एवं संगठन पद पर मंत्री- मन सिंह मिस्त्री, अनपूर्ण कोल, संतोष यादव, राकेश महरा सहित कार्यकारणी सदस्य में शारदा मरावी, सिरवन सिंह, हेमन्त सिंह/गुलाब सिंह, उपेन्द्र पाण्डेय, तेज बली /हीरीलाल, देव प्रकाश पनिका, लालकोल/टहला कोल, रामकरण /बुद्धसेन, रविशंकर सिंह/केशवसिंह, अनिल कुमार सिंह /केशर सिंह, पुरन प्रसाद कोल, त्रिलोकी प्रसद, काली चरण कोल, लालू प्रजापति आदि को शामिल किया है ।

# पंद्रह माह के मासूम ने खेलते समय निगल लिया था ब्लेड का टुकड़ा

## संवाददाता -राजू राय

शहडोल। मेडिकल कॉलेज मे भर्ती कराए गए एक पंद्रह माह मे मासूम के गले मे फंसे ब्लेड के टुकड़े को दूरबीन पद्धति से बाहर निकालकर बच्चे को एक नया जीवन प्रदान किया गया। बच्चे को कल रात्रि भर्ती कराया गया था। जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिले के ग्राम अंदारी निवासी राम प्रताप सिँह का पंद्रह माह का मासूम बच्चा रोहित सिँह कल शाम घर के बाहर खेल रहा था। इस बीच उसने खेलते समय जमीन मे पड़े धारदार ब्लेड का आधा टुकड़ा निगल लिया। जो बच्चे के श्वास नली मे जाकर फंस गई। कुछ देर बाद बच्चे ने उल्टी करना करना शुरू कर दिया। साथ ही उसे सांस लेने मे भी दिक्कत होने लगी। तब परिजनों को ऐसा आभाष हुआ कि बच्चे ने कुछ खा लिया है, संभवतः उसी कारण ऐसा हो रहा है। जिसके बाद रात्रि मे ही परिजन बच्चे को लेकर मेडिकल कॉलेज शहडोल पहुंच गए। यहाँ भर्ती करने के बाद ज़ब एक्सरे किया गया तो गले के श्वास नली मे एक वस्तु फंसी हुई नजर आई। जिससे यह साफ हो गया कि बच्चे ने कोई ठोस वस्तु निगल ली है।

### ईएनटी सर्जन ने दूरबीन पद्धति से किया सफल ऑपरेशन

रात्रि मे प्रारंभिक उपचार करने के बाद मेडिकल कॉलेज मे पदस्थ ईएनटी सर्जन व एसोशिएटेड प्रोफेसर डॉक्टर इजहार खान ने अपने सहयोगी डॉक्टर उमेश पटेल एवं डॉक्टर ऋतु के साथ आज तड़के 4 बजे लगभग आधा घंटे की मशक्कत के बाद दूरबीन पद्धति



से बच्चे के गले मे फंसी हुई वस्तु को बाहर निकाला। तो पता चला कि वह ब्लेड का आधा टुकड़ा था। जिसे बच्चे ने मुँह मे डाककर चबाया तो वह मुड़ गई और फिर श्वाँस नली मे जाकर फंस गई थी। बहरहाल मेडिकल कॉलेज की टीम ने डीन डॉक्टर गिरीश बी रामटेके एवम विभागाध्यक्ष एवं प्रध्यापक ईएनटी विभाग डॉ एसके शुक्ला का मार्गदर्शन प्राप्त कर बच्चे का दूरबीन पद्धति से सफल ऑपरेशन कर उसे एक नया जीवन प्रदान किया। डॉक्टर इजहार खान ने बताया कि बच्चा अब पूरी तरह नार्मल है। कुछ समय ऑब्जर्वेशन मे रखने के बाद उसे यहाँ से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। लेकिन अगर समय रहते उसका इलाज नही किया जाता तो बच्चे की जान को खतरा हो सकता था। उक्त टीम मे तीनो चिकित्सकों के अलावा नर्सिंग स्टाफ के प्रियव्रत रघु ,अंकित सोनबिरसे का भी सराहनीय योगदान रहा।

# निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना का कार्य सम्पन्न कराएं- उप जिला निर्वाचन अधिकारी

## मतगणना हेतु मास्टर ट्रेनर्सों को दिया गया प्रशिक्षण

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल - संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग की उपस्थित में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में मतगणना प्रक्रिया हेतु मास्टर ट्रेनर्सों को प्रशिक्षण दिया गया। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती





अमृता गर्ग ने मास्ट्रर ट्रेनर्सों से कहा कि मतगणना के कार्य में हमें किसी भी प्रकार की कोई जल्दबाजी नहीं करनी है। हमें शान्ति पूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना का कार्य सम्पन्न कराना है। उन्होंने मास्टर टेनर्सों को निर्देश दिए कि आप सभी मतगणना के प्रक्रिया को अच्छी तरह से जान लें एवं अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त कर मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक, एवं माइक्रा आर्ब्जबर को प्रशिक्षण देना सुनिचित करें। प्रशिक्षण में मतगणना स्थल में प्रवेश करने, मतगणना टेबल पर कर्मचारियों के कर्तव्य, मतगणना अभिकर्ता की नियुक्त की प्रक्रिया, कंट्रोल यूनिट की संम्पूर्ण प्रक्रिया, 17सी से डाटा के मिलान की प्रक्रिया, एड्रेस टैग सत्यापित कर ड्रॉप बॉक्स की सील खोलना, परिणाम ज्ञात लगाना जैसी अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नोडल अधिकारी निर्वाचन प्रशिक्षण श्री आर.एस. गौतम, मास्टर ट्रेनर्स श्री अनिल श्रीवास्तव, श्री पीके सालवार सहित अन्य मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

# गृह मंत्री अमित शाह का वीडियो एडिट करके फैलाने का मामला दो लोग गिरफ्तार

## भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

अमित शाह के वीडियो को एडिट करके सोशल मीडिया पर वाइरल किया जा रहा है देश में एक तरफ चुनावी माहौल चल रहा है दूसरी तरफ कई तरह के फेक वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वाइरल हो रहे हैं इससे कानून व्यवस्था बिगाड़ने का खतरा उत्पन्न हो सकता है इसीलिए गृह मंत्री अमित शाह के फेक एडिटेड वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किए जाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अहमदाबाद साइबर क्राइम टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से जुड़े हुए हैं।अमित शाह की दो सभाओं के वीडियो को काटकर वायरल किया जा रहा था। पकड़े गए दोनों आरोपियों के नाम सतीश वनसोला और आर बी बारिया है। सतीश वनसोला कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवानी का क्षेत्रीय कार्यालय संभालता है जबकि आर बी बारीया आम आदमी पार्टी के दाहोद जिले का प्रमुख है।दोनों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए थे। देशवासियों को सावधान रहना चाहिए और ऐसी किसी भी अफवाह में फंसकर कोई हरकत नहीं करनी चाहिए जो देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए हानिकारक हो।



# दागना कुप्रथा रोकने हेतु आयोजित किए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**





शहडोल। दागना कुप्रथा रोकने हेतु कलेक्टर श्री तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर, ब्यौहारी, बुढार एवं गोहपारू के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिले के जनपद पंचायत बुढार अंतर्गत ग्राम पंचायत माजरा टोला,कोठीवाल,टिकुरी ,झिरिया में जनपद पंचायत ब्यौहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत आखेटपुर, जमुनी पपौध, सुखाड में जनपद पंचायत गोहपारू एंव जयसिंहनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवदहा,धनगंवा,छूंदा,देवरा एवं अन्य ग्राम पंचायतो में महिलाओं को दागना कुप्रथा रोकने हेतु दीवार लेखन, डोर-टू-डोर, नाराकंन, पोस्टर आदि के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं को समझाइए दी जा रही है कि बच्चों को दागना कानूनन अपराध है, बच्चों को दागने पर संबंधितों के विरूद्व 1 लाख रूपये का जुर्माना और 3 साल की सजा हो सकती है, यादि कोई बच्चा बीमार होता है तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र और डॉक्टर की सलाह से उपचार कराएं। मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि छोटे बच्चों को निमोनिया होने पर दागे नही न ही किसी के बहकावे में आकर दागे, दागने से बच्चों के स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है। दागना कुप्रथा रोकने हेतु चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं को बच्चों को न दागने हेतु शपथ भी दिलाई गई। जन जागरूकता अभियान में ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक, बीएलओ सहित अन्य मैदानी अधिकारी शामिल थें। गौरतलब है कि जिले को दागना मुक्त बनाने हेतु 10 मई 2024 तक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## योगी आदित्यनाथ का फेक वीडियो बना कर वाइरल करने का मामला एसटीएफ द्वारा एक व्यक्ति गिरफ्तार

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**




योगी आदित्यनाथ का फेक वीडियो बना कर वाइरल करने के मामले में पुलिस एक्शन में फोटो में दिखाई दे रहा व्यक्ति श्याम कुमार गुप्ता है इसने सीएम योगी आदित्यनाथ की डिपेक वीडियो शेयर किया था अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अब यूपी एसटीएफ ने इनको गिरफ्तार कर लिया गया ,यूपी एसटीएफ ने बताया की कैसे कब क्या किया । सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए बहुत सावधानी रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ए आई जेनरेटेड डीप फेक वीडियो वायरल करने के मामले में यूपी एसटीएफ ने कार्रवाई की है। इस मामले में एसटीएफ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें कहा गया था- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आए गए मैदान में। आरोपी श्याम गुप्ता रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन का उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बताया जा रहा है। Gupta RPSU नाम के अकांउट से यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का एक डीप फेक वीडियो शेयर किया गया था। इस डीप फेक वीडियो में भाजपा हटाओ देश बचाओ। इसके अलावा वीडियो में पुलवामा के वीर जवानों की पत्नियों के मंगलसूत्र को लेकर बात कही जा रही थी।

## मास्टर चाबी से लॉक खोलकर एम्स अस्पताल पार्किंग से वाहन चोरी की घटना का खुलासा नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**



भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स की वाहन पार्किंग में वाहन चुराने वाले बालक चोर गिरोह को पकड़ा गया है। जो कई दिनों से दो पहिया वाहन चुरा कर अवैध तरीके से बेच दिया करते थे। पुलिस ने बालक चोर गिरोह को पकड़कर उनके द्वारा की गई पाँच चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है । विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण किया गया घटना स्थल के आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरो का बारीकी से छानबीन कर चोरों की तलाश के लिए सिटी कंट्रोल रूम के जरिये समस्त थानो को एवं आसपास के जिलो मे प्रसारण कराया गया। अलग अलग पुलिस टीम बनाकर आरोपियो एवं वाहनों की तलाश कराई गई। लगातार पुलिस द्वारा की जा रही तलाश के दौरान तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर की सूचना पर दो नाबालिग बालको को पुलिस ने अभिरक्षा मे लेकर पूँछताछ किया जिसमे पकड़े गए बालकों द्वारा स्वीकार किया गया की वाहन चोरी की पाँचों घटनाओ मे चोरी किये गए मोटर साइकिलो को अन्य एक आरोपी बेचा गया जिससे पूछताछ कर थाना बागसेवनिया के अपराधो में अलग अलग संबंधित घटनाओ का सामान बरामद कराया । घटना को अंजाम देने वाले वाले दोनो बालक आपस मे दोस्त है व मिलकर आनलाइन गेम खेलते थे जिसमे वह अपना पैसा हार गये थे जिसकी भरपाई हेतु दोनो बालकों द्वारा योजना बनाकर एम्स अस्पताल भोपाल की पार्किंग की बहुत समय तक रेकी कर योजनाबद्ध तरीके से पिछले दो माह के दौरान मास्टर चाबी का उपयोग कर अपने नाबालिकपन का फायदा उठाकर अलग अलग समय पर पाँच मोटर साइकिल चोरी की है । उसके बाद दोनो नाबालिको द्वारा अपने एक अन्य साथी की मदद से चुराई गयी मोटर साइकिलो को बेचा जाता था । नाबालिग आरोपियों से 5 मोटर साइकिल बरामद की गई जिनकी कीमत लगभग 4 लाख रुपये है। नाबालिग आरोपियों से वाहन खरीदने वाला व्यक्ति हरदा मध्य प्रदेश का निवासी है तथा उसके पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड है।

## मतदान सामग्री वितरण स्थल पर अंतराष्ट्रीय प्रतिनिधि दल का आगमन संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की दी गई जानकारी



**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया को देखने एवं उससे जुड़े विभिन्न चरणों को समझने अंतराष्ट्रीय प्रतिनिधि दल का भोपाल मतदान सामग्री वितरण स्थल पर आगमन हुआ। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री,कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह,सीईओ जिला पंचायत ॠतुराज सिंह उपस्थित रहे।अंतराष्ट्रीय प्रतिनिधि दल को कलेक्टर एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की चरणवार विस्तृत जानकारी जैसे वोटिंग मशीन वीवीपैट संबंधी जानकारी,मतदान दल गठन प्रक्रिया,मतदान सामग्री वितरण प्रक्रिया,मॉनिटरिंग व्यवस्था, सुरक्षा संबंधी व्यवस्था सहित निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी अन्य प्रक्रियाओं से अवगत कराया।अंतराष्ट्रीय प्रतिनिधि दल के सदस्यों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे गये जिनका कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा समाधान किया गया।

## भोपाल में बीआरटीएस कोरिडोर हटाना बना मुसीबत प्रमुख सड़कों का बुरा हाल पैदल सड़क पार करना मतलब जान का जोखिम

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

राजधानी भोपाल की कई स्थानों पर प्रमुख सड़को की हालत इतनी खराब हो चुकी है। की गाड़ियों के अलावा पैदल यात्रीयों के लिए भी मुसीबत बन गई है । जो भी पैदल यात्री सड़क को पार करने की कोशिश करता है उसके लिए किसी टास्क से कम नहीं है। जरा सी चूक गंभीर दुर्घटना को आमंत्रण का कारण बन जाती है। पिछले कुछ समय से भोपाल की सड़कों पर दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं । दरसल इसका प्रमुख कारण है बीआरटीएस पब्लिक ट्रांसपोर्ट बसों के लिए अलग से मार्ग बनाया गया था जिसे हटाया जा रहा है। जब से इस मार्ग को हटाने का कार्य शुरू हुआ है। इसकी वजह से अनेकों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और इन दुर्घटनाओं में कई लोग तो अपनी जान तक गवां चुके है। इन सड़क दुर्घटनाओं के शिकार दो पहिया वाहनों के अलावा अधिकतर पैदल यात्री होते हैं। सड़कों पर फैली अव्यवस्थाओं के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है । अभी इन सड़कों की मरम्मत एवं समतली करण व अन्य कार्यों में कई महीनों का समय लग सकता है । परन्तु आम जनता की परेशानी को देखते हुए प्रशासन को इस और गंभीरता पूर्वक ध्यान देना चाहिए। एवं मार्गों का जल्द ही सुधार किया जाना चाहिए ।



# वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप जी को उनकी जयंती पर युवाओं ने दी श्रद्धांजलि।।

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़





**उदयपुरा।** वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती 9 मई को पूरे देश में बहुत ही उत्साह के साथ मनाई जाती है। महाराणा प्रताप को जिन्हें वीर पुरुष और मेवाड़ का शेर भी कहा जाता है एक महान योद्धा और राजा थे उन्होंने मुगल सम्राट अकबर के खिलाफ हल्दीघाटी की प्रसिद्ध लड़ाई लड़ी, जिसमें उन्होंने वीरता और दृढ़ संकल्प का अद्भुत प्रदर्शन किया आज महाराणा प्रताप को उनके साहस, वीरता और अटूट देशभक्ति के लिए याद किया जाता है वे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि देने और उनकी वीरता को याद करते है। इसी उपलक्ष्य में नजर उदयपुरा में पुराने बस स्टैंड पर उदयपुरा के युवाओं के द्वारा महाराणा प्रताप का जन्म जयंती उत्सव मनाया गया उनके जन्म उत्सव पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर मनाया गया इस अवसर पर अनुराग राजपूत, रमाकांत चौहान, आकाश राय ने अपने विचार रखे इस अवसर पर शशांक भटेले, शिवम द्विवेदी, अमित सिसोदिया, धनंजय सिसोदिया, आशीष राजपूत, लोकेंद्र राजपूत, निखिल राजपूत, मानव बर्मा, लकी रघुवंशी के साथ अनेक युवा सम्मिलित हुए।

# सावधान मध्यप्रदेश में फ्रॉड लुटेरों का आतंक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से बढ़ता जा रहा हैं

- भोपाल संवाददाता -






रायसेन-मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में हाल ही में हुई वारदातें जिसमें रायसेन जिले के अलग-अलग क्षेत्र से निवासरत लोगों द्वारा किया गया फ्रॉड पैसों के लिए यह लोग लोगों से दोस्ती और व्यवहार का रूप देकर उनसे पैसे उधार लेते हैं और फिर लौटने का नाम नहीं लेते और कुछ जगह पर ऑनलाइन तरीके से फ्रॉड हुआ है जैसे मैं आपके खाते में 10 से ?20000 डाल रहा हूं या आपके खाते में ?50000 चले गए हैं । यह एक सोची समझी साजिश होती है।यह टेस्ट मैसेज में लिखकर भेजा जाता है और जो ना समझ व्यक्ति होते हैं उनसे कहा जाता है कि आपके वॉलेट अकाउंट में चला गया है आप मुझे वापस कर दीजिए। इस झांसे में बहुत से लोग पड़ चुके हैं तो आप भी सावधान रहें और कुछ जगह पर नौकरी के नाम पर पैसे लिए जाते हैं और फिर लौटने का नाम नहीं लिया जाता ऐसे ही शख्सों से हम आपको रूबरू कराते हैं तो ध्यान से इन लोगों की शक्ल देखिए पढ़िए और इन लोगों से तो सावधान रहना ही है और भी अन्य लोगों से सावधान रहें चाहे वह आपके परिवार के हों या आपके मित्र हो क्योंकि मैं भी इनमें से किसी न किसी घटना का शिकार हूं और मैं एक पत्रकार भी हूं तो मेरा काम है आपको परिचित कराना इन घटनाओं से आप सभी को अवगत कराना । इन्हीं घटनाओं से आईए जानते हैं उन लोगों की सूची और नाम जो फिलहाल इन घटनाओं और वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

**न.1 पहली घटना–** बलराम लोधी पिता राम चरण लोधी भाई लाल सिंह लोधी निवासी भीमपुर ग्राम पंचायत अजीत नगर का रहने वाला यह व्यक्ति हर किसी से नौकरी के नाम पर या व्यवहारिकता पर पैसे ऐंठता हैं और काम भी नहीं करवाता ओर फिर पैसे लौटता भी नहीं है । लोग गिरगाड़ते रहते हैं इससे पैसे वापस मांगते रहते हैं ।यह लोगों को पागल बना देता है ।

**2. दूसरी घटना:** ग्राम पंचायत खमरिया सोनपुर में निवासरत सुरेश हरिराम राठौर इसकी पुत्री शिवानी राठौर मधु राठौर पुत्र विजय राठौड़ करण राठौर और साथ ही इसकी पत्नी भी कुल मिलाकर इसका पूरा परिवार लोगों से झूठे व्यवहार बनाते हैं झुटी रिश्तेदारी बनाते हैं फिर उन्हीं से पैसे उधार मांगते है। ये लड़कियां लड़कों को लुभाती हैं ओर पैसा लेने के बाद मुकर जाती हैं। लोगों से पैसे ऐंठना ही इनका काम हैं।

**3.तीसरी घटना–** सानू बंसल निवासी सिलवानी उम्र 32 वर्ष इसका काम भी यही है लोगों से मित्रता का झूठा दावा करना मित्रता करना और फिर उनसे पैसे उधार लेकर ना लौटना ।

**4.चौथी घटना –** एक और घटना दिल दहलाने देने वाली है कुछ समय पहले एक व्यक्ति के पास फोन आता है कि उसका एलआईसी का पैसा आया है तो वह किसी भी फोन अकाउंट पर डलवा सकते हैं तो उस व्यक्ति ने अपने पड़ोसी से कहा कि आप अपने फोन पर डलवा लो ।यह सब मिली जुली घटना थी।यह लोग जानबूझकर इस घटना को अंजाम देने पर कायम थे क्योंकि कुछ आपसी रंजिश होने के कारण इनका यह अंजाम देने में कोई भी घटा या नुकसान नहीं था इन्होंने उस व्यक्ति को नंबर दिया और उस व्यक्ति के पास फोन आया उसने कहा कि मैं आपको उनके फोन पे पर पैसे डाल रहा हूं। आप एक काम करिए उनके अकाउंट में अल्टी पलटी पैसे करना है तो आप मुझे दस हजार रुपए डाल दिजिए। व्यक्ति द्वारा माना करने पर लुटेरे द्वारा कहा जाता हैं कि - लुटेरे ने कहा कि मेरी बात हो चुकी है सुरेश राठौड़ से मैं जानता हूं वह खमरिया का रहने वाला है और पिता हरिराम राठौर है उसने पूरे परिवार का विवरण समझाया उसके बाद होता क्या है उस शॉर्ट कॉल में कहा कि मैं आपको ?5000 सेंड कर रहा हूं और टेस्ट मैसेज में लिखकर भेजता है 50000 अमाउंट सेंड वॉलेट अकाउंट अब यह देखकर जो कस्टमर था वह चौंक जाता है और जो कॉल पर बात कर रहा था लुटेरा वह कहता है कि सॉरी मैंने आपके अकाउंट में ?50000 गलती से सेंड हो गया आप मुझे वापस कर दीजिए । कस्टमर वह अकाउंट चेक करता है देखता है पैसे नहीं आते हैं वह बार-बार कहता है मेरे पास पैसे नहीं आए हैं मेरे पास पैसे नहीं आए हैं अकाउंट में जितने पैसे है उतने ही है। वह इसके बाद यह कहता है कि आपके अकाउंट में कितने पैसे है चेक करके बताइए। कस्टमर चेक कर कहता है 15000 । तो वह लुटेरा कहता है कि यह आपके वॉलेट में चले गए हैं आप मुझे सेंड करेंगे इसके बाद आपके अकाउंट में आ जाएंगे तो यह गलती ना समझी में हो जाती है और वह पैसे सेंड कर देता है और कहता है कि अभी 13000हजार ही हुए हैं और पैसे डालो तब कहीं आपके अकाउंट में आएंगे। वह 50हजार तो इतने में वह कस्टमर समझ जाता है कि यह एक फ्रॉड है तो 13000 पर जाकर वह उसको कहता है कि भाई यह पैसे वापस कर दो वह लुटेरा कहता है कि आप और पैसे सेंड करेंगे तभी मैं आपको वापस करूंगा क्योंकि आपके पास ?50000 वैसे ही हैं मेरे तो। कस्टमर समझ जाता हैं और वह कहता है कि अब मैं आपको पैसे नहीं सेंड कर पाऊंगा क्योंकि आपने यह टेस्ट मैसेज करके भेजा था और आप मुझे पागल बना रहे थे तो वह फोन काट देता है और मोबाइल ऑफ कर लेता है तो भाइयों और बहनों आपने देखा इन घटनाओं से आप सावधान रहें और सुरक्षित रहें क्योंकि अधिकतर अपने ही लोग हमें घाटे में और चोट पहुंचाने का कार्य करते हैं।

रंगमंच के शहर भोपाल

# में चल रही है नाटक उसने कहा था कि रिहर्सल

नाटक उसने कहा था पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी द्वारा लिखित नाटक एक कलजयी कहानी है। इस नाटक की कहानी बहुत ही अच्छी है ।बहुत ही सच्चे प्रेम की संवेदनशील कहानी है। इसलिए मैं इस नाटक का मंचन बहुत पहले से करने की सोच रहा था।और इस वजह से इस नाटक के पात्र को समझने और प्रत्येक पात्र को मंच पर जीवित करने के लिए नाटक की सही तरीके से लिखना शुरू किया।यह नाटक आरंभ कल्चर एंड वेलफेयर, भोपाल द्वारा श्री विष्णु गर्ग जी के निर्देशन में तैयार किया जा रहा है। तो नाटक की कहानी एक फौजी से शुरू होती है, वो फौजी अपने बचपन में मामा के घर अमृतसर जाता हैं। वहां जब बाज़ार में एक हलवाई की दुकान पर दही लेने जाता है, तो वहां बाजार में एक तेज़ रफ्तार से तांगा आ रहा होता है और एक तरफ से लड़की आ रही होती है। वो बिना समय गवाएं तांगे के नीचे आने से लड़की को बचा लेता है। और तांगे वाले की खबर लेता है, और लड़की को समझाता है, कि इस प्रकार सड़क पार नही करते। वो जाते समय लड़की से पूछता है तेरी कुड़माई ही गई।





लड़की धत पगले कह कर भाग जाती है। पर एक दिन वो लड़की गुस्से में बोल देती है। हा ,हो गई मेरी सगाई, देखते नही ये मेरा कड़ा हुआ सालू। लड़का खड़ा ही रह जाता है। समय बीतता है लड़का फौजी बन जाता है, और अपने फौजी अफसर के घर जाता हैं तो वहां वो बचपन की उसकी प्रेमिका उसे पहचान लेती हैं। और कहती लहना मैं तुमसे बहुत प्यार करती थी। पर क्या करती। पर अब तुम लड़ाई पर जा रहे हो । मेरा तुमसे एक प्रार्थना करती हू की जिस तरह तुमने मुझे तांगे के नीचे आने से बचाया था। उसी प्रकार तुम मेरे पति और बच्चे की रक्षा करोगे। में तुमसे वचन मांगती हु। फौजी अपने वचन का पालन करता है। और अपनी जान पर खेलकर उसके पति और बच्चे को बचा लेता है। तब अफसर पूछता है। तुमने मझे अपनी जान देकर क्यों बचाया। तब वो बस इतना कहता है उसने कहा था।

# वायरल वीडियो में कह रहे मणिशंकर अय्यर– भारत को पाकिस्तान की इज्जत करना चाहिए, भड़की भाजपा




**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस के बड़े नेताओं के ऊटपटांग बयान रोज नई समस्या पैदा कर रहे हैं। अब लोकसभा चुनाव में मणिशंकर अय्यर (Mani Shankar Aiyar) की एंट्री हो गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पाकिस्तान को लेकर ऐसा कुछ कहा है, जिसे भाजपा बड़ा मुद्दा बना सकती है। मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि पाकिस्तान का सम्मान किया जाना चाहिए, क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि वीडियो ताजा है या पुराना। नईदुनिया वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं भाजपा और कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रिया आ गई है। बता दें, इस बार लोकसभा चुनाव में पाकिस्तान भी लगातार मुद्दा बना हुआ है। सत्ता पक्ष की ओर से लगातार कहा जा रहा है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा है और इसे जल्द ही भारत में शामिल कर लिया जाएगा।

# अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आज संभव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी अरविंद केजरीवाल के लिए शुक्रवार का दिन अहम होने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट आज केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला सुना सकता है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान जजों की टिप्पणियों से अनुमान लगाया जा रहा है कि केजरीवाल को राहत मिल सकती है। केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) की कार्रवाई को गैरकानूनी बताते हुए जमानत मांगी है। साथ ही केजरीवाल ने चुनाव प्रचार के लिए भी अंतरिम जमानत की मांग की है। केजरीवाल की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने अब तक पैरवी की है। वहीं ईडी ने केजरीवाल की जमानत का विरोध किया है। ईडी का कहना है कि कोर्ट की नजर में एक मुख्यमंत्री या नेता और आम नागरिक के बीच भेद नहीं होना चाहिए। यदि आज चुनाव प्रचार के लिए केजरीवाल को जमानत दी जाती है तो कल कोई भी अपराधी इस आधार पर जमानत मांग सकता है।



# बासी रोटी खाने के फायदे

**बची हुई रोटियों का आप क्या करते हैं ज्यादातर लोग या तो उन्हें फेंक देते हैं या उन्हें आवारा जानवरों को खिलाते हैं। क्योंकि आमतौर पर लोग खाने को 12 घंटे से अधिक समय होने पर उसे मानते है, जो कि आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। बासी खाना खाने से आपको दस्त, फूड पॉइजनिंग, एसिडिटी और अन्य कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन कम ही लोगों को यह बात पता है कि बासी रोटी खाने से आपको नुकसान नहीं, फायदे हो सकते हैं। जी हां बासी रोटी खाने से आपका ब्लड शुगर लेवल कम होता है और ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद मिलती है। बासी रोटी के फायदों के साथ इसकी दिलचस्प बात यह है कि ये रेडी-टू-मेक फूड है, जैसे पोहा, ओट्स आदि से कहीं बेहतर है। आइए जानते हैं, क्यों बासी रोटी खाना आपके लिए अच्छा है।**



**बासी रोटी खाने के फायदे**

गेहूं के आटे से बनी बासी रोटी पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसमें हाई फाइबर, लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स और सोडियम की मात्रा कम होती है, जो इसे नाश्ते के लिए एकदम सही व स्वस्थ बनाता है। आइए यहां हम बासी रोटी खाने के कुछ फायदे आपको बताते हैं।

**डायबिटीज में मददगार**

बासी रोटी आपके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करके डायबिटीज कंट्रोल करने में मददगार है। इसलिए डायबिटीज रोगियों का बासी रोटी खाना फायदेमंद है। आप सुबह उठकर दूध के साथ बासी रोटी का सेवन कर सकते हैं।

**ब्लड प्रेशर कंट्रोल**

ठंडे दूध के साथ बासी रोटी खाने से हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों में ब्लड प्रेशर लेवल कंट्रोल किया जा सकता है। इसके लिए उन्हें दूध में लगभग आधे घंटे के लिए बासी रोटी को भिगोए रखना है और फिर इसका सेवन करें। यह एक हेल्दी स्नैक्स के रूप में खाया जा सकता है। आप रात के खाने से बची रोटियों को नाश्ते में इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे खाना बर्बाद होने से भी बचेगा।

**शरीर के तापमान के लिए**

किसी भी इंसान के शरीर का सामान्य तापमान 37 डिग्री सेल्सियस होता है। यदि यह 40 डिग्री से अधिक है, तो यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में बासी रोटी खाने से आपके शरीर के तापमान को सामान्य करने में मदद मिल सकती है। बासी रोटी में मौजूद पोषक तत्व तापमान को सामान्य करते हैं और शरीर के तापमान को अधिक होने से रोकते हैं। बासी रोटी खाने से एसिडिटी भी नियंत्रित होती है जो तापमान को नियंत्रित करती है।

**बेहतर पाचन**

यदि आप अक्सर पेट या पाचन संबंधी समस्याओं से परेशान हैं, तो आप बासी रोटी के उपाय के तौर पर आजमाएं। यह न केवल आपको अस्वास्थ्यकर खाने से रोकेगा, बल्कि एसिडिटी, अपच, कब्ज, गैस, आदि पेट की बीमारियों से बचाने में मददगार है। इसके लिए आप रात के खाने में दूध में भीगी हुई बासी रोटी खाएं।

**बासी रोटी खाने के कुछ शानदार व आसान तरीके**

**दूध में बासी चपाती :** बासी रोटी खाने का सबसे आसान तरीका है कि आप दूध के साथ बासी रोटी को खाएं। बची रोटियों को फेंकने के बजाय, उन्हें तोड़कर थोड़ा दूध डालें और फिर खाएं। यह दिन के किसी भी समय एक अच्छा खाना है।

**रोटी नूडल्स:** यदि आप चाइनीज नूडल्स के शैकीन हैं, तो इसे रोटी के पतले स्लाइस के साथ नूडल्स की जगह देसी ट्विस्ट दें। यह न केवल सेहतमंद होगा, बल्कि बेहद स्वादिष्ट होगा।


**रोटी चिप्स:** बची हुई रोटियों का उपयोग आप एक और स्वस्थ तरीके से कर सकते हैं। इसके लिए आप बेकिंग की हुई रोटी के चिप्स का सेवन करें, जिनमें बहुत कम या कोई बिलकुल तेल नहीं होता है। आप इन्हें अपनी पसंद की चटनी या सॉस के साथ खा सकते हैं।

**रोटी की खीर:** अगर आप मीठे के शौकीन हैं, तो आप रोटी की खीर ट्राई कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस दूध, बची हुई रोटी के टुकड़े और स्वीटनर चाहिए। अब आप उन्हें कुछ मिनट तक पकाएं जब तक वह मिश्रण एक गाढ़ी खीर की तरह न बन जाए।

**नोट:** इस्तेमाल से पहले, सुनिश्चित करें कि रोटी को साफ जगह पर रखा गया हो और उससे कोई दुर्गंध न आ रही हो। क्योंकि खराब रोटी आपके स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकती है।

डॉक्टर कमल यादव, कंसल्टेंट डायटेटिक्स, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग, दिल्ली के अनुसार, बासी रोटी का सेवन सभी के लिए सही रूप से काम नहीं करता है। यह व्यक्ति की पाचन क्षमताओं पर निर्भर करता है। वृद्ध लोगों की तुलना में युवाओं का पाचन तंत्र व पाचन शक्ति बेहतर होती है।







# सर्दियों में ऐसे करें त्वचा की देखभाल

**सर्दियों का मौसम आते ही हमारी त्वचा के लिए मुश्किल घड़ी आ जाती है और इस दौरान सही देखभाल न होने पर त्वचा फटने लगती है। इस मौसम में त्वचा सूख जाती है और इसका सबसे अधिक प्रभाव कोहनी, घुटने और ऐड़ी पर दिखाई देता है, जिससे निजात पाने के लिए त्वचा रोग विशेषज्ञ ने कुछ सुझाव दिए हैं। प्रस्तुत है कुछ अंश :-**

वीएलसीसी के डर्मेटोलॉजी के हेड ऑफ डिपार्टमेंट व कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. डीजेएस तुला ने कहा, त्वचा का सर्दियों में बचाव करने के लिए यह जरूरी है कि पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन किया जाए। इससे आपके शरीर में नमी बनी रहती और सूखेपन से बचाव होता है। ठंड के मौसम में कॉफी और चाय से परहेज करें, क्योंकि ये त्वचा की सुंदरता के लिए सहायक नहीं हैं। ग्रीन टी एक बेहतर विकल्प है, क्योंकि इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट प्रभाव होते हैं जो त्वचा को निखारने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी हो या सर्दी त्वचा की सफाई अनिवार्य है। अगर त्वचा साफ करने के बाद थोड़ी कठोर हो जाती है, तो शायद इसका मतलब यह हो सकता है कि त्वचा पर इस्तेमाल किया गया क्लिंजर सही नहीं है। सर्दियों में तेल आधारित क्लिंजर का प्रयोग करें, क्योंकि यह त्वचा में नमी बनाए रखने में मदद करता है। डॉ. डीजेएस तुला ने कहा, गर्म पानी से स्नान करने से बचें और कम गर्म पानी का उपयोग करें। ठंडे पानी से स्नान करना त्वचा के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है। स्नान करने के बाद मॉइस्चराइजिंग आवश्यक है, अन्यथा त्वचा की सतह पर दरारें दिखाई दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि सर्दियों में लोग शरीर को गर्म रखने के लिए हीटर का इस्तेमाल करते हैं, पर यह त्वचा के सूखेपन का कारण बन सकता है, इसलिए हीटर के पास ज्यादा देर तक न बैठें और छोटे अंतराल के बाद खुले में जाएं। महिलाएं खूबसूरत दिखने के लिए ब्लीच का उपयोग करती हैं। ब्लीच एक भयानक रसायन है जो त्वचा से प्राकृतिक तेल को सोखता है, जिससे त्वचा छिल और जल जाती है। इसका उपयोग नहीं करना चाहिए। डॉ. तुला ने कहा कि यह सोच गलत है कि सर्दियों में सूरज कि किरणों से त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचता है, ऐसा नहीं है और गर्मियों में सनस्क्रीन लगाना जितना आवश्यक है उतनी ही सर्दियों में भी है। बहुत से लोग मानते हैं कि सर्दियों के अंधेरे दिनों में सूर्य नहीं होता है, लेकिन वास्तव में सूर्य की हानिकारक यूवी किरणें बादलों को पार कर सकती हैं और नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए घर से बहार जाने से शरीर पर स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सर्दियों में फल, नट्स, हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें। यह आपके पाचन तंत्र को मजबूत करती है और साथ-साथ आपकी त्वचा को चमकने में भी मदद करती है। त्वचा की सुंदरता के लिए गाजर का सेवन करें। यह विटामिन-ए का समृद्ध स्रोत है और यह आपके लिए सुंदरता के एजेंट जैसा है। मछली, अंगूर, एवोकैडो ब्रोकोली और बेरी त्वचा के लिए बहुत उपयोगी होते हैं।

# बिना पानी के दवा खाने से हो सकती हैं कई परेशानियां

**क्या आप बिना पानी के दवा खाना पसंद करते हैं? कभी किसी वक्त ऐसे आपने करने का प्रयास जरूर किया होगा क्योंकि ज्यादा व्यस्त होने के कारण लोग पानी का गिलास उठाने में आलस करते हैं। बिना पानी के दवा खाने के पीछे कोई भी कारण हो लेकिन ऐसा करना आपके स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। ऐसा इसलिए नहीं कि यह आपके गले में फंसकर आपकी सांस रोक सकती हैं बल्कि यह आपके लिए और भी ज्यादा घातक साबित हो सकती है।**

## अनचाही जटिलताओं को करें दूर

किसी भी अनचाही जटिलताओं से बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि दवा लेते वक्त ढेर सारा पानी पानी। क्लीवलैंड क्लीनिक के मुताबिक, किसी भी व्यक्ति को दवा खाते वक्त 250 एमएल पानी जरूर पीना चाहिए। इसके अलावा आपको हमेशा दवा लेते वक्त या तो खड़े होना चाहिए या फिर बैठकर दवा लेनी चाहिए। अगर आप लेटकर दवा लेंगे तो आपका दम भी घुट सकता है। इसी कारण से आपको सोने से 15 मिनट पहले दवा लेने की सलाह दी जाती है ताकि गोली आराम से आपकी भोजन नलिका से निकल जाए।

## पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के फायदे

बिना पानी के दवा खाना जितना मुश्किल है उतना ही इसके बिना जीवित रह पाना है। पानी न हमारी प्यास बुझाने के साथ-साथ पाचन-तंत्र से लेकर मस्तिष्क के विकास में अहम भूमिका निभाता है। पानी किसी भी बीमारी में रामबाण की तरह काम करता है। पानी डिहाईड्रेशन के कारण होने वाले सिरदर्द से राहत दिलाने के साथ-साथ शरीर को तरोताजा रखने का काम करता है। दवा को आराम से निगलने के अलावा पानी हमें ये 4 फायदे भी प्रदान करता है।

## कब्ज की परेशानी होती है दूर

पानी पीने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। सुबह उठकर एक गिलास पानी पीने से हमारा पेट साफ रहता है और कब्ज की परेशानी दूर होती है।

मेटाबॉलिज्म को सुधारने का करता है काम

पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीने से मेटाबालिज्म की गति धीमी हो जाती है, जिसके कारण फैट बर्न नहीं हो पाता। जबकि वजन घटाने के लिए फैट को बर्न करना बहुत जरूरी है, जिसके लिए पानी बहुत ज्यादा जरूरी है। इसलिए दिन कम से कम 8 से 10 गिलास या दो फिर दो से तीन लीटर पानी पीएं।

## सिरदर्द से दिलाता है राहत

सिरदर्द से बचने का एक उपाय है पानी पीना। दरअसल कभी-कभार डिहाइड्रेशन के कारण हमारा सिरदर्द करने लगता है इसलिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं।

## त्वचा निखारने का काम करता है पानी

त्वचा को निखारने के लिए आपने बहुत से क्रीम और अन्य उत्पादों का प्रयोग किया होगा लेकिन फिर भी मनचाहा परिणाम देखने को नहीं मिलता है। अगर आप क्रीम लगा-लगा कर थक चुके हैं तो पर्याप्त मात्रा में पानी पीकर देखें। यह त्वचा के ऊतकों को फिरसे भरता है और त्वचा को नमी व नरम बनाता है।



# रन ऑफ कच्छ



रन ऑफ कच्छ 23,300 किमी में फैला हुआ है। वैसे तो ये समुद्र का ही एक हिस्सा है लेकिन 1819 में आए भूकंप के कारण यहां का भौगोलिक परिदृश्य पूरी तरह से बदल गया और इसका कुछ भाग ऊपर उभर आया था। सिकंदर के समय यह एक नौगम्य झील था। रन ऑफ कच्छ दो हिस्सों में बंटा हुआ है। उत्तरी रन यानि ग्रेट रन ऑफ कच्छ 257 किमी के क्षेत्र में फैला है और पूर्वी रन जिसे लिटिल रन ऑफ कच्छ कहते हैं ग्रेट रन ऑफ कच्छ से छोटा है। ये लगभग 5178 वर्ग किमी में बसा है। बता दें कि रण का मतलब हिंदी में रेगिस्तान से है। गर्मियों में यहां का तापमान 44-50 डिग्री तक बढ़ जाता है और सर्दियों में शून्य से नीचे तक चला जाता है।

**कच्छ का इतिहास**

इतिहास के अनुसार कादिर नाम का कच्छ का एक द्वीप हड़प्पा की खुदाई में मिला था। कच्छ पर पहले सिंध के राजपूतों का शासन हुआ करता था, लेकिन बाद में जडेजा राजपूत राजा खेंगरजी के समय भुज को कच्छ की राजधानी बना दिया गया। सन् 1741 में राजा लखपतजी कच्छ के राजा कहलाए। 1815 में अंग्रेजों ने डूंगर पहाड़ी पर कब्जा कर लिया और कच्छ को अंग्रेजी जिला घोषित कर दिया गया। ब्रिटिश शासन काल में ही कच्छ में रंजीत विलास महल, मांडवी का विजय विलास आदि महल भी बनाए गए।

**कच्छ का रण विवाद**

बात 1965 की है जब रण के पश्चिमी छोर पर भारत- पाक सीमा को लेकर विवाद खड़ा हो गया। अप्रैल में सीमा को लेकर लड़ाई छिड़ गई और बाद में ब्रिटेन के हस्तक्षेप के बाद ही युद्ध खत्म हुआ। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव द्वारा सिक्योरिटी काउंसिल को भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर इस पूरे मामले को ट्रायब्यूनल को भेजा गया। ट्रायब्यूनल में 1968 में जाकर फैसला सुनाया कि रण का 10 प्रतिशत हिस्सा पाक में और 90 प्रतिशत हिस्सा भारत के पास रहेगा। एक साल बाद 1969 में रण का विभाजन हो गया।

**रन ऑफ कच्छ उत्सव**

दुनिया के सबसे बड़े नमक रेगिस्तानों में से एक भारत के गुजरात राज्य में कच्छ का महान रण न केवल अपने प्राकृतिक वैभव के लिए जाना जाता है बल्कि यहां के स्थानीय लोगों द्वारा बनाया गया द रण उत्सव के लिए भी ये काफी पॉपुलर है। हर साल रण उत्सव 1 नवंबर से शुरू होकर 20 फरवरी तक चलता है। इस उत्सव को चांदनी रात में कच्छ के रेगिस्तान में आयोजित किया जाता है, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में देशी-विदेशी सैलानी आते हैं। यहां आकर आप चांदनी रात और खुली हवा में कल्चरल प्रोग्राम का आनंद ले सकते हैं। यहां से आप पाकिस्तान के सिंध प्रांत का नजारा भी आसानी से देख सकते हैं, जो कच्छ से बस थोड़ी ही दूरी पर स्थित है। भारत पाक सीमा पर आयोजित होने वाले इस रण उत्सव में आप ऊंठ की सवारी का लुत्फ उठा सकते हैं। कभी ये उत्सव तीन दिन तक आयोजित होता था लेकिन अब पूरे 38 दिन इस उत्सव का जश्न मनाया जाता है। यहां ढेरों कलाकार अपनी कला के जरिए रेत पर भारत के इतिहास की झलक को दर्शाते हैं। पिछले कई साल के रण उत्सव के दौरान कलाकारों ने रामायण के पात्रों से लेकर स्वामी विवेकानंद की कच्छ यात्रा तक को अपनी कला में प्रदर्शित किया है। यहां आकर आप स्थानीय लोगों की हस्तकलाओं और रहन-सहन से भी रूबरू हो सकते हैं। भुज से पांच किमी दूर रण के मैदान के बीच धोरडो गांव के पास एक टूरिस्ट कैंप बस जाता है, जहां देशी- विदेशी सैलानियों को सर्व-सुविधाओं के साथ ठहराया जाता है। यहां आप डेजर्ट पेट्रोल वाहन यानि डीपीवी पर रेगिस्तान पर एकल सवारी का आनंद भी ले सकते हैं। डेजर्ट सफारी इस दौरान देखने लायक होती है। इसके अलावा आप यहां हॉट एयर बैलून कच्छ का भी लुत्फ ले सकते हैं। रण उत्सव में पहले दिन भाग लेने आने वाले पर्यटकों को हमीरसर लेक के किनारे आयोजित होने वाले रण कार्निवल की सैर करई जाती है, जिससे की वे यहां की संस्कृति और परंपराओं को करीब से जानें। दूसरे दिन रण सफारी और चांदनी रात में आयोजित लोक संगीत और नृत्यों का लुत्फ उठाया जाया जा सकता है।

**कच्छ का खानपान**

कच्छ के लोग सरल जीवन और उच्च विचार में विश्वास करते हैं। मुख्य भोजन बाजरी (बाजरा) से बना रोटलास होता है, जिसे बटर मिल्क या 'छास, बटर और जगरी या 'गुड़' के साथ बनाया जाता है। चावल और दाल (दाल) से बनी खिचड़ी सभी को पसंद आती है। यदि आप किसी भी घर में जाते हैं तो पहले एक गिलास पानी एक रिवाज के रूप में परोसा जाता है। चाय जो 60 साल पहले अज्ञात थी, सभी लोगों के बीच सार्वभौमिक पेय बन गई है। खाने की तैयारी में दूध आधारित चीजें जैसे दही और घी बहुत आम हैं। ग्राउंड नट ऑयल और ग्राउंड नट का उपयोग आमतौर पर भोजन को अधिक विदेशी बनाने के लिए किया जाता है। आमतौर पर कच्छी क्युसिन में रोटी या रोटला, दही, मक्खन दूध, दाल, करी, सब्जियाँ, पापड़, कचुम्बर होते हैं। सूखी रोटियाँ या थेपला और खाकरा और सेव (चने के आटे की) बनाई जाती हैं और यात्रा आदि के दौरान भोजन के रूप में संग्रहित की जाती हैं।

**रन ऑफ कच्छ में क्या खरीद सकते हैं**

कच्छ में एक समृद्ध संस्कृति है जो अपनी कला के माध्यम से निकलती है। यह जिला कई देहाती समुदायों का है जो विभिन्न प्रकार के शिल्पों में कुशल हैं। कच्छ में बुटीक और दुकानों सहित कुछ बेहतरीन जगहें हैं,जिसमें हथकरघा कपड़े, हाथ से पेंट किए गए लकड़ी के बक्से, कपड़े मिलते हैं। यह खरीदारी करने के लिए अपेक्षाकृत कम महंगी जगह है। कच्छी शिल्प खरीदने के लिए भी भुजोडी (भुज से 8 किलोमीटर), निरोना, भुज, अंजार और होदका जैसे गांव अच्छे स्थानों में से हैं। स्थानीय रबारी, अरी, अहीर, मुतवा और बन्नी समुदायों द्वारा प्रचलित ललित कढ़ाई प्रभावशाली हैं। कच्छ में शॉपिंग करने का आपको एक अलग ही अनुभव हासिल होगा। यहां आप दुकानों पर तेल से बनी रोगन आर्ट,कॉपर बैल्स,मिरर वर्क के एम्ब्रॉयडिड गारमेंट्स,चंकी सिल्वर ज्वेलरी,गोल्ड ज्वेलरी,अजरख ब्लॉक प्रिंटिंग शॉल,बांधनी साड़ी व दुपट्टा इन सभी चीजों की खरीददारी कर सकते हैं, जो आपको भारत में कहीं नहीं मिलेंगी।

**कब जाएं रन ऑफ कच्छ**

रन ऑफ कच्छ की यात्रा करने का सही समय जनवरी में मक्रर संक्रांति के बाद है। इस समय यहां का मौसम बेहद सुहावना होता है और भीड़ भी कम मिलती है। कच्छ के सफेद रेगिस्तान की यात्रा के लिए पूर्णिमा की रात सबसे अच्छा समय है। यदि आपको पूर्णिमा की रात की बुकिंग नहीं मिलती तो एक या दो दिन पहले या बाद की यात्रा की योजना बनाएं। तब भी आपको पूर्णिमा की रात जैसा आनंद का अनुभव होगा। रन ऑफ कच्छ जाने का सही समय है अक्टूबर भी है । इस महीने में यहां हर साल रण उत्सव आयोजित होता है। इस दौरान आपको रण का एक अलग ही अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। अक्टूबर से मार्च तक यह पयर्टकों के लिए पीक सीजन होता है। रण ऑफ कच्छ दिसंबर के अंत से सूखना शुरू होता है, जिसके बाद ये पूरी तरह एक सफेद रेगिस्तान जैस दिखता है। उत्सव के दौरान यह पयर्टकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। हर साल इस चमकीले रेगिस्तान को देखने के लिए 8 से 10 लाख लोग यहां आते हैं।

# जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति ने कैबिनेट में किया फेरबदल

**विस्तार**

- **राष्ट्रपति ने मूसा एनक्यूब को राष्ट्रीय आवास और सामाजिक सुविधाओं के उप मंत्री और हेडमैन मोयो को लिबरेशन स्ट्रगल अफेयर्स के दिग्गजों के उप मंत्री के रूप में भी नियुक्त किया।**
- **पूर्व खान और खनन विकास मंत्री जेमू सोडा अब राष्ट्रीय आवास और सामाजिक सुविधाओं के नये मंत्री हैं।**



हरारे,एजेंसी

एमर्सन मनांगाग्वा ने जिम्बावे में पिछले वर्ष अगस्त में हुये चुनाव में दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है।

राष्ट्रपति और कैबिनेट के मुख्य सचिव मार्टिन रशवेया ने बुधवार को एक बयान में कैबिनेट फेरबदल की घोषणा की और कहा कि पुनर्नियुक्ति और नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी हैं।

म्नांगावा ने विंस्टन चिटांडो को लोक निर्माण मंत्रालय से हटाते हुये उन्हें खान और खनन विकास मंत्रालय के प्रमुख के रूप में फिर से नियुक्त किया और उनकी जगह पर राष्ट्रीय आवास और सामाजिक सुविधाओं के पूर्व मंत्री डैनियल गार्वे को नियुक्त किया गया है।पूर्व खान और खनन विकास मंत्री जेमू सोडा अब राष्ट्रीय आवास और सामाजिक सुविधाओं के नये मंत्री हैं।

राष्ट्रपति ने मूसा एनक्यूब को राष्ट्रीय आवास और सामाजिक सुविधाओं के उप मंत्री और हेडमैन मोयो को लिबरेशन स्ट्रगल अफेयर्स के दिग्गजों के उप मंत्री के रूप में भी नियुक्त किया। उन्होंने येउकाई सिम्बानेगवी को राष्ट्रीय आवास और सामाजिक सुविधाओं का उप मंत्री से ऊर्जा और बिजली विकास का उप मंत्री बनाया है।

# अमेरिका में टिकटॉक पर लग सकता है प्रतिबंध

वाशिंगटन,एजेंसी

अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने एक विधेयक को मंजूरी दी है, जिसके तहत राष्ट्रीय सुरक्षा आशंकाओं के कारण टिकटॉक पर अमेरिका में प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

समाचार रिपोर्टों में बुधवार को यह जानकारी दी गयी। यह विधेयक जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के पास भेजा जायेगा, जिन्होंने अपने डेस्क पर पहुंचते ही इस पर हस्ताक्षर करने का संकल्प ले रखा है।

इस विधेयक के तहत टिकटॉक के चीनी मालिक बाइटडांस को अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए नौ महीने का समय दिया गया है, अन्यथा ऐप को अमेरिका में ब्लॉक कर दिया जाएगा। प्रतिनिधि सभा से मंजूरी मिलने के बाद यह विधेयक सीनेट में पहुंच गया है।

अमेरिका को चिंता है कि देश भर में 17 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता वाले टिकटॉक का इस्तेमाल अमेरिकी नागरिकों पर जासूसी करने या दुष्प्रचार करने के लिए किया जा सकता है।

गौरतलब है कि अमेरिका टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला देश नहीं है। भारत ने 2020 में गलवान में चीनी सेना के साथ झड़प के बाद कई अन्य चीनी ऐप के साथ टिकटॉक पर भी प्रतिबंध लगा दिया था।

बीबीसी ने बुधवार को बताया था कि टिकटॉक ने अमेरिकी कदम पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बाइटडांस ने पहले कहा था कि वह टिकटॉक को बेचने के लिए मजबूर करने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा। विशेषज्ञों का हालांकि मानना है कि अमेरिका में ऐप को ब्लॉक होने में कई साल लग सकते हैं क्योंकि बाइटडांस की कानूनी कार्रवाई से इस प्रक्रिया में देरी होगी।

# फिलीपींस में लू से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुयी

मनीला,एजेंसी

फिलीपींस में इस साल एक जनवरी से 18 अप्रैल तक गर्मी से जनित बीमारियों के करीब 34 मामले सामने आये हैं और छह मौतों की पुष्टि हुयी है।

फिलीपींस के स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

डीओएच के सहायक सचिव अल्बर्ट डोमिंगो ने कहा, ''मौत के कारणों की जांच की जा रही है।''

ये मामले मध्य फिलीपींस के मध्य विसायस क्षेत्र, उत्तरी फिलीपींस के इलोकोस क्षेत्र और दक्षिणी फिलीपींस के सोक्सक्सस्सर्जन क्षेत्र से हैं।

राज्य मौसम ब्यूरो की गर्मी सूचकांक के 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक ''खतरे'' स्तर तक पहुंचने की चेतावनी के बाद मनीला सहित पांच क्षेत्रों के ग्यारह इलाकों में आज व्यक्तिगत कक्षाएं निलंबित कर दी गयीं।

ब्यूरो ने लोगों को आगाह किया कि गर्मी में आने से ऐंठन, गर्मी से थकावट और यहां तक कि हीट स्ट्रोक भी हो सकता है इसलिए अपना ख़याल रखें।

गौरतलब है कि ब्यूरो ने इस महीने की शुरुआत में द्वीपसमूह देश के कुछ क्षेत्रों में 51 डिग्री सेल्सियस तक की चिलचिलाती गर्मी सूचकांक की चेतावनी दी थी।

उल्लेखनीय है कि बढ़ते ताप सूचकांक के मद्देनज़र देश भर में स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाएं का आयोजन किया गया।

ब्यूरो ने अत्यधिक गर्मी से संभावित जटिलताओं से बचने के लिए जनता को बाहरी गतिविधियों को सीमित करने और खूब पानी पीने की सलाह दी।

# संयुक्त राष्ट्र गाजा पट्टी में सामूहिक कब्र पाये जाने पर चिंतित

**आह्वान**

- **तुर्क ने इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष के दौरान नासिर तथा अल-शिफा अस्पतालों के मरने वालों की निष्पक्ष जांच की मांग**



संयुक्त राष्ट्र,एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख ने बुधवार को गाजा पट्टी के नासिर और अल-शिफा अस्पताल नष्ट होने और 'सामूहिक कब्रों' की रिपोर्टों पर गहरी चिंता जतायी।

संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी वोल्कर तुर्क ने इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष के दौरान नासिर तथा अल-शिफा अस्पतालों के मरने वालों की निष्पक्ष जांच का आह्वान किया।

फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने नासिर में 283 शव निकाले हैं। इनमें से कुछ के हाथ बंधे हुए थे। यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी मृत्यु कैसे हुई या उन्हें कब दफनाया गया?

इजराइल की सेना ने कहा कि शवों को दफनाने का जो दावा किया है वह ''निराधार'' है। लेकिन इसमें यह जरूर कहा गया कि फरवरी में खान यूनिस शहर के अस्पताल में दो सप्ताह के ऑपरेशन के दौरान, सैनिकों ने फिलिस्तीनियों द्वारा दफनाए गए शवों की ''उन जगहों पर जांच'' की, जहां खुफिया जानकारी ने बंधकों की संभावित उपस्थिति का संकेत दिया था।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह वर्तमान में फिलिस्तीनी अधिकारियों की रिपोर्ट की पुष्टि पर काम कर रहा है कि नासिर अस्पताल के मैदान में 283 शव पाए गए हैं, जिनमें से 42 की पहचान की जा चुकी है।

तुर्क ने कहा, '' इसमें अंतरराष्ट्रीय जांचकर्ताओं को शामिल किया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''अस्पताल अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत विशेष सुरक्षा के हकदार हैं। नागरिकों, बंदियों और अन्य लोगों की जानबूझकर हत्या करना, जो युद्ध में भाग नहीं ले रहे हैं, एक युद्ध अपराध है।''

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि रिपोर्टें ''अविश्वसनीय रूप से परेशान करने वाली'' हैं।

हमास द्वारा संचालित नागरिक सुरक्षा बल के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बीबीसी अरबी के गाजा टुडे कार्यक्रम को बताया कि उसे स्थानीय फिलिस्तीनियों से रिपोर्ट मिली है कि युद्ध के दौरान मारे गए लोगों की ''बड़ी संख्या'' के शवों को एक अस्थायी स्थान पर दफनाया गया था।

आईडीएफ ने कहा कि उसके बलों ने छापे के दौरान ''लगभग 200 आतंकवादियों को हिरासत में लिया था जो अस्पताल में थे।'' उन्होंने कहा कि उन्हें गोला-बारूद के साथ-साथ इजरायली बंधकों के लिए अप्रयुक्त दवाएं भी मिलीं।

आईडीएफ ने जोर देते हुये कहा कि उनके द्वारा छापेमारी अस्पताल, मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों को नुकसान पहुंचाए बिना की गई थीं।

इजरायली कब्जे के बाद नासेर में रहने वाले चिकित्सकों ने कहा कि वे मरीजों की देखभाल करने में असमर्थ थे और पानी, बिजली और अन्य आपूर्ति की कमी के कारण 13 लोगों की मौत हो गई।

**सतर्कता** | "पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ 22,000 से अधिक अभियान चलाये और 9,000 से अधिक लोगों को पकड़ा


# अफगानिस्तान ने मादक पदार्थों के खतरे से लड़ने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मदद मांगी

**एक्शन**

- **तस्करी के खिलाफ लड़ने के संकल्प को प्रदर्शित करने के लिए 635 किलोग्राम हेरोइन सहित 20 टन से अधिक अवैध दवाओं को सार्वजनिक रूप से आग लगा दी गयी**

काबुल,एजेंसी

अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने पोस्ता उत्पादन और इसे मादक पदार्थ के रूप में प्रसंस्कृत किये जाने को एक वैश्विक समस्या बताया है तथा अपने देश को मादक पदार्थों के खतरे से लड़ने में अंतराष्ट्रीय समुदाय से मदद करने का आह्वान किया है।



गृह मंत्रालय के मादक पदार्थ निरोधक कार्यालय के प्रमुख मावलवी हसीबुल्लाह अहमदी ने कहा कि मादक पदार्थ एक वैश्विक समस्या हैं और इनसे लड़ाई के लिए अंतराष्ट्रीय समुदाय की मदद की आवश्यकता है। उन्होंने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के बाहरी इलाके में मंगलवार को भारी मात्रा में अवैध दवाओं और उनके निर्माण में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं को आग लगाये जाने के अवसर पर कहा कि अंतरिम सरकार देश में मादक पदार्थों के खतरे से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

अफगानिस्तान सरकार के पोस्ता की खेती, मादक पदार्थों के प्रसंस्करण और उनकी तस्करी के खिलाफ लड़ने के संकल्प को प्रदर्शित करने के लिए 635 किलोग्राम हेरोइन सहित 20 टन से अधिक अवैध दवाओं को सार्वजनिक रूप से आग लगा दी गयी। गौरतलब है कि मादक पदार्थ एवं अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) ने एक रिपोर्ट में पुष्टि की है कि अफगानिस्तान में पोस्ता की खेती 95 प्रतिशत कम हो गयी है। एक समय पोस्ता उगाने वाला देश रहा युद्धग्रस्त अफगानिस्तान धीरे-धीरे मादक पदार्थों से छुटकारा पा रहा है।

कार्यक्रम में मादक पदार्थ निरोधक पुलिस के प्रमुख मुफ्ती अहमदुल्ला अहमदी ने कहा, "पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ 22,000 से अधिक अभियान चलाये हैं और इनके कारोबार में शामिल होने के आरोप में 9,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियान के दौरान मादक पदार्थों की 900 से अधिक प्रयोगशालाओं को नष्ट कर दिया और 13,000 हेक्टेयर पोस्ते के खेतों को नष्ट कर दिया है।"

# इराक में 11 आईएस आतंकवादियों को दी गयी फांसी

बगदाद,एजेंसी। इराकी अधिकारियों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह का सदस्य होने के आरोप में 11 दोषियों को फांसी दे दी। एक सुरक्षा सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। जेल के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर 'शिन्हुआ' को बताया कि इराकी राजधानी बगदाद से लगभग 350 किलोमीटर दक्षिण में नासिरिया शहर में नासिरियाह सेंट्रल जेल में मंगलवार को 11 दोषियों को फांसी दे दी गई। सूत्र ने कहा कि इराकी न्याय मंत्रालय की एक टीम ने इराकी राष्ट्रपति के अनुसमर्थन सहित सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद मौत की सजा के कार्यान्वयन की निगरानी की। वर्ष 2017 के अंत में इराकी बलों द्वारा इराक में आईएस को हराने के बाद सैकड़ों आईएस समर्थक मारे गए या पकड़े गए।

# कोरोना महामारी में लोगों के लिए मसीहा बना बॉलीवुड




## गरीबों को मुफ्त खाना खिला रही हैं जैकलीन



बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस कोरोना महामारी संकट के समय गरीबों को मुफ्त में खाना खिला रही हैं। कोरोना वायरस की दूसरी लहर से पूरा देश परेशान है। जैकलीन कोरोना महामारी के बीच लोगों की मदद के लिए सामने आई है। जैकलीन एक एनजीओ के साथ मिलकर लगभग एक लाख जरूरतमंद लोगों तक खाना पहुंचा रही हैं। हाल ही में जैकलीन की कई फोटो सामने आई है जिसमें वह मुंबई के एक फाउंडेशन के साथ मिलकर लगभग एक लाख जरूरतमंद लोगों तक खाना पहुंचा रही हैं। जैकलीन अपने योलो फाउंडेशन और कई एनजीओ के साथ मिलकर आम लोगों की मदद कर रही है। साथ ही लोगों तक खाना पहुंचा रही हैं। हाल ही में जैकलीन ने 'रोटी बैंक फाउंडेशन' की रसोई का दौरा किया जिससे वह जायजा ले सकें कि लोगों की मदद ठीक से हो रही है कि नहीं। रोटी बैंक टीम और येलो टीम के साथ मिलकर जैकलीन ने खाना बनाने का काम किया और साथ ही लोगों के बीच खाना भी बांटा।

## लोगों की मदद के लिए आगे आए करण जौहर



बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार करण जौहर कोरोना महामारी संकट के समय लोगों की मदद के लिये आगे आये हैं। कोरोना महामारी का कहर पूरे देश में भयाभय रूप में देखने को मिल रहा है। कोरोना के हालातों को देखकर बॉलीवुड के सेलेब्स आगे आकर लोगों की मदद भी कर रहे हैं। अब इस लिस्ट में करण जौहर भी शामिल हो गए हैं। कोविड 19 सम्बंधित टीकाकरण प्रक्रिया और मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी के लिए अब करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के सोशल मीडिया पेजों का उपयोग किया जाएगा। धर्मा प्रोडक्शंस ने युवा के लीड, संसाधनों और सत्यापित जानकारी का लाभ उठाते हुए, अपने सोशल प्लेटफॉर्म का विस्तार कर, उनके तरफ से इन सुविधाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगो तक पहुंचाने में मदद करने के लिए एक कदम उठाया है। इसमें बताया गया है कि यदि आपके पास भारत में किसी के पास कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया के बारे में कोई प्रश्न, संदेह या मदद की जरूरत है या फिर किसी भी तरह की मानसिक स्वास्थ्य समस्या है और आप इसके लिए मदद लेना चाहते है तो, टीम युवा और धर्मा इसे पूरा करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे।

## मजदूरों की मदद के लिये आगे आये आदित्य चोपड़ा



बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार आदित्य चोपड़ा कोरोना महामारी संकट के समय डेली वेजेस वर्कर्स की मदद के लिये आगे आते हुये उनके खाते में पांच हजार रुपए ट्रांसफर करने जा रहे हैं। कोरोना महामारी की दूसरी लहर से फिल्म इंडस्ट्री थम-सी गई है। आदित्य चोपड़ा फिल्म इंडस्ट्री के हजारों दिहाड़ी कामगारों के खातों में सीधे तौर पर पैसे डालकर उनकी मदद करेंगे। कामगारों की मदद करने के इरादे से 'यश चोपड़ा साथी इनिशिएटिव' लॉन्च किया गया है। यश चोपड़ा फाउंडेशन इस पहल के तहत इंडस्ट्री की महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के खाते में 5000 रुपए की राशि सीधे ट्रांसफर करेगा। इसके अलावा फाउंडेशन की तरफ से हर वर्कर की फैमिली को पूरे एक महीने के लिए राशन किट भी दिया जाएगा। यह राशन किट फाउंडेशन के पार्टनर एनजीओ यूथ फीड इंडिया के माध्यम से वितरित किया जाएगा। यशराज फिल्म्स की यह मदद हासिल करने के लिए जरूरतमंद लोग वेबसाइट यशचोपड़ाफाउंडेशनडॉटओआरजी पर जाकर एक ऑनलाइन एप्लीकेशन प्रक्रिया के माध्यम से तुरंत आवेदन भी कर सकते हैं।

## दिहाड़ी मजदूरों के लिए सलमान खान ने खोला खजाना



हजारों की गिनती में दिहाड़ी मजदूर फिल्म इंडस्ट्री में काम करते हैं। एक बार फिर से सलमान खान ने इन सभी के लिए अपना खजाना खोल दिया है। पिछले साल की तरह इस बार भी सलमान खान इन सभी के लिए करोड़ों की व्यवस्था करने जा रहे हैं। उन्होंने अपने कंधे पर 25 हजार दिहाड़ी मजदूरों की उठाई जिम्मेदारी है। पिछले साल भी सलमान खान इसी तरह अपने मदद के हाथ आगे बढ़ाये थे और इस बार भी उन्होंने इसके लिए अपने कदम बढ़ा लिए हैं। एक न्यूज रिपोर्ट के अनुसार सलमान खान 25,000 दिहाड़ी मजदूरों को 1500 रुपए दान करेंगे। इस लिस्ट में वो लोग शामिल हैं जो कि मेकअप, स्टंटमैन, स्पॉटबॉयज और तकनीकी से जुड़ा काम फिल्म इंडस्ट्री में करते हैं। इस संबंध में फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न सिने इंप्लॉइज के प्रेसिडेंट बीएन तिवारी ने जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि हमने सलमान खान को जरूरतमंदों की लिस्ट भेजी थी। तिवारी ने आगे बताया कि सलमान खान लोगों की जरूरत के हिसाब से पैसे जमा करने के लिए तैयार हैं। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले सलमान ने ये जानकारी दी है कि वह अपनी फिल्म राधे की कमाई से वेंटिलेटर्स और ऑक्सीजन सिलेंडर खरीद कर दान करेंगे। रिपोर्ट अनुसार सलमान खान 25 हजार वर्कर्स के बीच 3.75 करोड़ दान करने वाले हैं। पिछले साल भी सलमान खान ने 25 हजार दिहाड़ी मजदूरों के खाते में पैसे जमा करवाए थे। वह इस बार फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए फूड पैकेट भी भेज रहे हैं।

# संभावना सेठ को आया गुस्सा



कोरोना वायरस का कहर देशभर में देखने को मिल रहा है। दवाइयां, बेड और ऑक्सीजन की कमी के चलते लोग परेशान हो रहे हैं। लेकिन इसी बीच इन्ही सब चीजों की काला बाजारी की बातें भी सामने आ रही हैं। जिससे लोग खासे परेशान हो रहे हैं। आम लोग तो हैं ही परेशान कई सेलेब्स जो लोगों की लगातार मदद कर रहे हैं वो भी इससे खासे परेशान हैं। इन्हीं सेलेब्स में भोजपुरी और हिंदी फिल्मों की अभिनेत्री संभावना सेठ का नाम भी शामिल है। अभिनेत्री संभावना सेठ और उनके पति अविनाश कोरोना काल में लगातार लोगों की मदद कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री और उनके पति भी दवाइयों की काला बाजारी से दो चार होना पड़ रहा है। इस बारे में आजतक से बात करते हुए संभावना ने गुस्सा जाहिर किया है। संभावना ने बताया कि आज मेरे साथ कुछ ऐसा ही हुआ। मैं और मेरे पति किसी पेशेंट के लिए ऑक्सीजन का बंदोबस्त कर रहे थे सामने वाले इंसान को ये नहीं पता था कि इस चैरिटी के पीछे हम हैं। इस बात का फायदा उठाते हुए जिस शख्स को हमने उसके पास ऑक्सीजन लेने के लिए भेजा था, उस बेईमान इंसान ने मेरे भेजे हुए शख्स से भी पैसे ले लिए और इंतजाम भी नहीं किया। आगे संभावना ने गुस्सा जताते हुए कहा, ऐसे लोगों को शर्म नहीं आती। इस महामारी में भी लोग पैसे कमाने और फ्रॉड करने से बाज नहीं आ रहे। इनकी इंसानियत कहां है? जिस मां का बेटा वेंटिलेटर पर है, जो बार-बार मदद मांग रही है, जिसे हमने फ्री में ऑक्सीजन दिलाने का आश्वाशन दिया है, वो मां किसी उम्मीद से बार-बार मुझे कॉल कर रही है, रो रही है और ये लोग जिस ऑक्सीजन का खर्चा हम उठा रहे हैं उस परिवार की मदद करने के लिए उसमें भी ये लोग बेईमानी कर रहे हैं। संभावना ने आगे ये कहा कि ऐसे लोगों को तो जेल जाना चाहिए। मैंने इसीलिए ये वीडियो अपने इंस्टा अकाउंट पर डाला है कि लोग इस भ्रष्टाचार को देखें। हम लोगों को फ्री में ऑक्सीजन दे रहे हैं और वो उसी को बेच रहे हैं और जब पकड़ में आए, तो मांफी मांग रहे हैं। लेकिन जो इन्होंने किया है वो किसी भी तरह से माफी के लायक नहीं है। ऐसे लोगों को तो गिरफ्तार करना चाहिए।

# दो और कोविड मेडिकल सेंटर्स खोलेंगे अजय



अजय देवगन कोविड-19 से निपटने के लिए बीएमसी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि अभिनेता ने एक मैरिज हॉल को 20 बेड वाली कोविड-19 फैसिलिटी में तब्दील कराया है। जिसमें वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सपोर्ट और पैरा मॉनिटर्स लगाए गए हैं। इस काम में अजय देवगन के साथ, आनंद पंडित, बोनी कपूर, लव रंजन, समीर नायर, दीपक धर और बिजनसमैन तरुण राठी जैसे लोग शामिल हैं। जो एक साथ मिलकर मुंबई वालों को ये सुविधा मुहैया करवाने में जुटे हैं। ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो अजय देवगन और प्रोड्यूसर आनंद पंडित मुंबई में ही दो और कोविड मेडिकल सेंटर्स शुरु करने वाले हैं। ये कोविड सेंटर्स जुहू और बोरीवाली में होंगे। आनंद पंडित ने इस बारे में बात करते हुए पिंकविला से कहा, दादर के बाद, हमने जुहू में एक स्कूल को कोविड सेंटर में बदल दिया है। 25 बेड वाली यह कोविड 19 फैसिलिटी जुहू में अगले हफ्ते से शुरू होगी। हालांकि यहां आईसीयू की सुविधा नहीं रहेगी, लेकिन ऑक्सीजन का इंतजाम रहेगा। उन्होंने कहा, बोरीवली सेंटर पर भी काम चल रहा है। अमिताभ बच्चन भी हमारी इस पहल से जुड़ सकते हैं। वह हमेशा नेक काम के लिए तैयार रहते हैं। बोरीवली सेंटर में भी 25 बेड्स का इंतजाम रहेगा। हम कई अस्पतालों के डॉक्टर्स और अन्य एक्सपर्ट्स की सलाह ले रहे हैं। इलाज का खर्चा पूरी तरह से हम उठाएंगे। निर्माता ने बताया कि इस पहल का आइडिया अजय देवगन ने दिया था। मुख्य तौर पर हम मुंबई के अलग अलग भाग में मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराना चाहते हैं, जिससे लोगों को तुरंत मदद मिल सके।

# रिपोर्ट दर्ज करवाने पर भड़कीं कंगना



टीएमसी के प्रवक्ता ऋजु दत्ता ने ट्विटर से कंगना रनोट के बेदखल होने के बाद उनके खिलाफ नफरत फैलाने के आरोप में पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवायी है। एफआईआर पर अब कंगना ने प्रतिक्रिया दी है और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सख्त टिप्पणी की है। कंगना अब ट्विटर पर नहीं हैं, इसलिए अब सारा संवाद इंस्टाग्राम स्टोरी के ज़रिए कर रही हैं। इंस्टाग्राम स्टोरी के ज़रिए ही लगातार पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। वहीं, दूसरे मुद्दों पर भी अपनी राय रख रही हैं। हालांकि, इंस्टाग्राम स्टोरी में ट्विटर की तरह कोई पोस्ट स्थायी नहीं रहती और 24 घंटों बाद खुद-ब-खुद चली जाती है। बहरहाल, शुक्रवार को कंगना ने अपने एफआईआर की फोटो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में शेयर करने के साथ लिखा- खून की प्यासी मॉन्स्टर ममता मुझे अपनी ताक़त से ख़ामोश करना चाहती है। एक अन्य इंस्टा स्टोरी पोस्ट में कंगना रनोट ने केंद्र सरकार पर एक्शन लेने में विफल होने का आरोप लगाते हुए अपना गुस्सा ज़ाहिर किया। कंगना ने लिखा- खून बहाने से रोकने के लिए कहने पर ममता सेना मेरे खिलाफ एक्शन ले रही है। बता दें, इंस्टाग्राम के ज़रिए नफ़रत फैलाने के आरोप को लेकर टीएमसी प्रवक्ता ने कंगना के खिलाफ पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवायी है, जिसकी कॉपी उन्होंने ट्विटर पर शेयर की थी। कंगना पर समुदायों के बीच नफरत फैलाकर साम्प्रदायिक हिंसा के लिए उकसाने और मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के आरोप हैं।

टीएमसी के प्रवक्ता ऋजु दत्ता ने ट्विटर से कंगना रनोट के बेदखल होने के बाद उनके खिलाफ नफरत फैलाने के आरोप में पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवायी है। एफआईआर पर अब कंगना ने प्रतिक्रिया दी है और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सख्त टिप्पणी की है। कंगना अब ट्विटर पर नहीं हैं, इसलिए अब सारा संवाद इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए कर रही हैं।

विशेष रिपोर्ट | मौजूदा लिंग भेद और बाधाओं से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत पर दिया गया बल

# महिला उद्यमियों पर ब्रिक्स सीसीआई वी की रिपोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी

ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ब्रिक्स सीसीआई वी ने न्यू एरा ऑफ ब्रिक्स-होरिजन्स इन टेक एंड बिजनेस फॉर वुमेन एंपावरमेंट शीर्षक से एक विशेष रिपोर्ट जारी की है जिसमें मौजूदा लिंग भेद और बाधाओं से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत पर बल दिया गया है।

रिपोर्ट में महिला उद्यमियों के लिए लक्षित सहयोग जैसी पहल की वकालत भी की गयी है साथ ही यह विविधता एवं समावेशिता को बढ़ावा देने और महिलाओं के बीच स्टेम शिक्षा को प्रोत्साहन देने पर भी जोर दिया गया है। सामूहिक प्रयासों और लक्षित पहल के जरिए ब्रिक्स देशों ने लिंग समानता बढ़ाने और समावेशी आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन देने का लक्ष्य रखा है।

यह रिपोर्ट शीएटवर्क और नॉलेज पार्टनर के तौर पर टेकआर्क के सहयोग से तैयार की गयी है। इसको पूर्व ब्रिक्स शेरपा और भारत सरकार के सचिव रहे एएमबी संजय भट्टाचार्य द्वारा किया गया। इस मौके पर ब्रिक्स सीसीआई वी की अध्यक्ष एवं शीएटवर्क डॉटकॉम की संस्थापक रूबी सिन्हा ने कहा, "जैसा कि सभी ब्रिक्स देशों में महिलाओं द्वारा टेक्नोलॉजी एवं उद्यमशीलता में की गई प्रगति का जश्न हम मना रहे हैं, यह रिपोर्ट प्रगति का एक प्रमाण होने के साथ ही कार्रवाई का आह्वान भी करती है। ब्रिक्स गठबंधन में नए सदस्यों के शामिल होने और वैश्विक आबादी एवं अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण हिस्से का प्रतिनिधित्व होने के साथ यह अनिवार्य हो जाता है कि हम टेक्नोलॉजी और कारोबार के क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल को प्राथमिकता दें। विश्वभर में महिलाओं के लिए उज्ज्वल, अधिक न्यायसंगत भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आइये हम नवप्रवर्तन एवं उद्यमशीलता की ताकत का दोहन करें।"



ब्रिक्स सीसीआई की संयुक्त निदेशक सुश्री अंकिता सचदेवा ने कहा, "जैसा कि हमने 2023 में बिक्स का विस्तार होते देखा है, यह स्पष्ट है कि टेक और कारोबार क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल पूर्व के मुकाबले कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। हमें ऐसी नीतियों और कार्यक्रमों की सतत वकालत करते रहना होगा जो संसाधनों, अवसरों और मार्गदर्शन तक महिलाओं की पहुंच का समर्थन करे।" सुश्री सिन्हा ने रिपोर्ट का उल्लेख करते हुये कहा कि भारत में स्टेम क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं की उल्लेखनीय भूमिका है, लेकिन नेतृत्व भूमिका और वेंचर कैपिटल फंडिंग हासिल करने में उनके समक्ष चुनौतियां हैं जहां केवल 0.3 प्रतिशत स्टार्टअप फंडिंग मिल रही है। ब्राजील में उद्यमशीलता का जो ब्रह्मांड है उसके करीब 30 प्रतिशत का नेतृत्व या सृजन महिलाओं द्वारा किया गया है। ऐसे उपक्रम छोटे हैं और वित्त तक उनकी पहुंच सीमित है जिसमें टेक स्टार्टअप्स का केवल 9.8 प्रतिशत महिलाओं द्वारा स्थापित है। इसी तरह से रूस में प्रौद्योगिकी भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय है जहां 40 प्रतिशत अनुसंधानकर्ता महिलाएं हैं। हालांकि, महिलाओं द्वारा स्थापित स्टार्टअप्स के लिए वेंचर कैपिटल फंडिंग निम्न स्तर पर बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि चीन में कुल विज्ञान कार्यबल में महिला विज्ञान कर्मचारी करीब 45 प्रतिशत हैं जिससे मानव अंतरिक्ष यान, अंतरिक्ष खोज, मेडिसिन, कंप्यूटर साइंस और विभिन्न अन्य क्षेत्रों सहित उल्लेखनीय प्रयासों में वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। दक्षिण अफ्रीका में प्रौद्योगिकी दिग्गजों में नेतृत्व स्थितियों में महिलाओं का उल्लेखनीय योगदान है जिसमें 28 प्रतिशत नेतृत्व भूमिकाएं उनके पास हैं।

# ड्रोन डेस्टिनेशन ने की व्यापक विस्तार की घोषणा

नयी दिल्ली,एजेंसी

ड्रोन क्षेत्र की कंपनी ड्रोन डेस्टिनेशन ने आज ड्रोन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान करने की अपनी रणनीतिक पहल 'एवरीथिंग ड्रोन्स' के तहत व्यापक पैमाने पर विस्तार की घोषणा की।

कंपनी के अध्यक्ष आलोक शर्मा ने आज यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि कंपनी की योजना भारत में फिक्स्ड और मोबाइल 'ड्रोन हब' का सबसे बड़ा नेटवर्क स्थापित करने की है जो 'एवरीथिंग ड्रोन्स' की पेशकश करेगा। अगले 3 महीनों में, कंपनी का लक्ष्य 250 ऐसे हब शुरू करने का है और अगले दो वर्षों में 1000 से अधिक ऐसे हब का नेटवर्क स्थापित करने का भी लक्ष्य है । यह नेटवर्क लागत प्रभावशीलता, दक्षता और टर्नअराउंड समय पर ध्यान केंद्रित करेगा।

उन्होंने कहा कि एवरीथिंग ड्रोन्स के तहत नई पहल शुरू की जा रही है जिसमें ड्रोन हब ऑन व्हील्स, ड्रोन शिक्षा, ड्रोन कौशल के साथ ही हबलफ्लाई बैटरीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी में 'नई ड्रोन बैटरी' आदि शामिल है1 उन्होंने कहा कि ड्रोन सॉकर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से ड्रोन सॉकर का आयोजन किया जायेगा जो एक नया रोमांचक खेल है जिसे बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिक, फिट या विकलांग लोग खेल सकते हैं। ड्रोन सॉकर एसोसिएशन ऑफ इंडिया फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल ड्रोन सॉकर एसोसिएशन का संस्थापक सदस्य है। पहली ड्रोन सॉकर विश्व कप चैंपियनशिप 2025 में कोरिया में आयोजित होने वाली है और ड्रोन डेस्टिनेशन के सहयोग से डीएसएआई इसके लिए एक भारतीय प्रतिनिधि टीम भेजेगा।

**नई पहल**

- **ड्रोन हब ऑन व्हील्स, ड्रोन शिक्षा, ड्रोन कौशल के साथ ही हबलफ्लाई बैटरीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी में 'नई ड्रोन बैटरी' आदि शामिल है...**

शर्मा ने कहा "ड्रोन एक उभरता हुआ उद्योग है, इसमें कुछ महत्वपूर्ण कमियां हैं, जिन्हें हम, अग्रणी के रूप में, आज लॉन्च की जा रही पेशकशों के साथ दूर करना चाहते हैं। 'ड्रोन हब' का अखिल भारतीय रोलआउट ऑन व्हील्स टर्नअराउंड टाइम पर ध्यान देने के साथ एवरीथिंगड्रोन की पेशकश करेगा। ड्रोन / ड्रोन सेवाओं से लेकर बिक्री के बाद और प्रशिक्षण तक, प्रत्येक पायलट को 'ड्रोन दोस्त' जैसे कई कौशल पर प्रशिक्षित किया जाता है, जो कृषि -स्प्रे जैसी ड्रोन सेवाएं प्रदान करता है। निष्क्रिय ड्रोन को ठीक करने के लिए 'ड्रोन डॉक्टर' और स्थानीय युवाओं को ड्रोन पर प्रशिक्षण देने के लिए 'ड्रोन गुरु' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप, आज लॉन्च की गई पेशकश देश में ड्रोन उद्योग के लिए स्वदेशी समाधान प्रदान करेगी 'मेक इन इंडिया' और ' आत्मनिर्भर भारत' के लिए तथा दुनिया में भारत के तकनीकी नेतृत्व को और बढ़ावा देगा।"

कंपनी के प्रबंध निदेशक चिराग शर्मा ने कहा, " ड्रोन डेस्टिनेशन ने अपने सभी हितधारकों के प्रति विवेकशील रहकर और वित्तीय अनुशासन का पालन करके स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में एक उदाहरण स्थापित किया है। एवरीथिंगड्रोन्स के साथ आगे बढ़ते हुए लाभप्रदता सुनिश्चित करते हुए, हम कंपनी के विकास को सुपरचार्ज करने और एक ऐसा प्रभाव पैदा करने के लिए आश्वस्त हैं जो कृषि, सर्वेक्षण और मानचित्रण, स्मार्ट शहरों, रेल, सड़क, बंदरगाह जैसे बुनियादी ढांचे से लेकर कई उद्योगों में दिखाई देगा।

## रुपया 17 पैसे लुढ़का

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिका में मार्च की खुदरा बिक्री के आंकड़े उम्मीद से अधिक मजबूत रहने से फेडरल रिजर्व के इस वर्ष ब्याज दरों में जल्द कटौती शुरू नहीं करने की संभावना से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 17 पैसे लुढ़ककर 83.62 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.45 रुपए प्रति डॉलर रहा।

## रामनवमी पर बाजार बंद

**मुंबई, एजेंसी।** रामनवमी के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका।देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अब गुरुवार से सामान्य कामकाज होगा।

# रिलायंस फाउंडेशन का 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' पर दो दिवसीय सम्मेलन

**आयोजन**

- **विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने 'खेल-आधारित शिक्षा' पर अपने अनुभव साझा किए**

मुंबई,एजेंसी

रिलायंस फाउंडेशन ने मुंबई में 'बिल्डिंग फ्लोरिशिंग फ्यूचर्स' नाम से आयजित दो दिवसीय सम्मेलन में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के 200 से अधिक विशेषज्ञों ने 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' क्षेत्र से जुड़े, देश-विदेश के इन विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने 'खेल-आधारित शिक्षा' पर अपने अनुभव साझा किए। रिलायंस फाउंडेशन ने बुधवार को यह विज्ञप्ति जारी की। यह सम्मेलन मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल (डीएआईएस) में आयोजित किया गया था। इस दो दिवसीय सम्मेलन में माता-पिता, शिक्षकों और समुदायों के विकास के लिए नई कार्यशैलियों और दृष्टिकोणों पर विस्तृत चर्चा की गई। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' को लोकप्रिय बनाने और जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी दिशा में वक्ताओं और प्रतिभागियों के लिए 10 मास्टरक्लास, 15 इंटरैक्टिव लर्निंग स्टेशन और 30 स्पीकर सत्रों का आयोजन किया गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की निदेशक और धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल की वाइस चेयरपर्सन सुश्री ईशा अंबानी ने सम्मेलन के सत्रों में गहरी रूचि दिखाई। कई विषयों पर उन्होंने विशेषज्ञों के साथ चर्चा की और विभिन्न लर्निंग स्टेशनों पर प्रतिभागियों के साथ हिस्सा लिया।




मेघालय सरकार के मुख्य सचिव एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी संपत कुमार, द लर्निंग स्क्वायर की सुश्री ऐनी वैन डैम, उम्मीद चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर की डॉ. विभा कृष्णमूर्ति, यूनिसेफ से सुश्री सुनीशा आहूजा और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में एनआईपीसीसीडी की ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. रीता पटनायक मुख्य वक्ताओं में शामिल रहे।

सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश बालसेकर, धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल के डीन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिमन्यु बसु और रिलायंस फाउंडेशन में एजुकेशन प्रमुख डॉ निलय रंजन जैसे विशेषज्ञों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

दो दिवसीय सम्मेलन में शामिल आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, नीति निर्माताओं और परोपकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नए विचारों और कार्यशैलियों पर चर्चा की। उन्होंने एनिमेटेड खेल-आधारित शिक्षा प्रदर्शनियों में भाग लिया। नीतियों और व्यवहार की बारीकियों पर गौर किया। साथ ही उन्होंने समग्र प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा की दिशा में देखभाल और क्रॉस-लर्निंग के लिए रणनीतियों पर चर्चा भी की।

रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन श्रीमती नीता अंबानी के 'हैप्पी स्कूल, हैप्पी लर्नर्स' विज़न से प्रेरित होकर रिलायंस फाउंडेशन स्कूलों और धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक सीखने और सिखाने के लिए प्रेरक माहौल बनाते हैं। जो बेहतरीन भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय 'अर्ली चाइल्डहुड लर्निंग प्रैक्टिस' से प्रभावित होता है। अपने अनुभव के आधार पर रिलायंस फाउंडेशन का दृष्टिकोण पूरे भारत में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा परिदृश्य को बदलने में मदद करना है। विशेष रूप से कम आय वाले और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के बच्चों को खेल-आधारित शिक्षा देने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमताओं को बढ़ा कर यह किया जा रहा है।

# आज खुलेगा वोडाफोन आइडिया का एफपीओ

अहमदाबाद, एजेंसी

वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ('वीआई') का एफपीओ 18 अप्रैल को खुलेगा। कंपनी की ओर से यहां जारी एक बयान के अनुसार कंपनी का एफपीओ 18 अप्रैल गुरुवार को खुलेगा और 22 अप्रैल सोमवार को बंद होगा। इसमें कुल ऑफर साइज़ में 18,000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है। ऑफर का प्राइस बैंड 10 से 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 1298 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 1298 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। एंकर निवेशक बोली की तारीख 16 अप्रैल मंगलवार होगी।




कंपनी इक्विटी शेयरों के नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग इन कार्यों की फंडिंग के लिए करने का प्रस्ताव करती है जिसमें अपने नेटवर्क बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए 12,750 करोड़ रुपये से उपकरणों की खरीद, जिसमें नई 4जी साइटें स्थापित करना शामिल है। मौजूदा 4जी साइटों और नई 4जी साइटों की क्षमता का विस्तार करना और नई 5जी साइटों की स्थापना करना तथा दूरसंचार विभाग को स्पेक्ट्रम के लिए कुछ आस्थगित भुगतान और उस पर जीएसटी की राशि 2175 करोड़ और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए शामिल है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)